वर्ष : 18 अंक: 133 ग्वालियर • शनिवार 14 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.




दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 32 डिग्री

# 'घटना की दर्द को शब्दों में बयां नहीं कर सकता...', तबाही का मंजर देख भावुक हुए प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली, ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल का दौरा किया। विमान हादसे में घायल लोगों को यहां इलाज चल रहा है। पीएम मोदी ने घायलों से मुलाकात की। इसके बाद डॉक्टरों से मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पीएम मोदी, अस्पताल के सी 7 वार्ड भी गए, जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

### मुझे खुद भरोसा नहीं, मैं कैसे जिंदा निकला, विमान हादसे में बचे शख्स ने बताई आपबीती, पीएम मोदी ने की मुलाकात

अहमदाबाद के विमान हादसे में विश्वास कुमार रमेश का बचना किसी चमत्कार से कम नहीं है। विश्वास कुमार रमेश एकमात्र व्यक्ति हैं, जिनकी इस विमान हादसे में जान बची है। अब तक 241 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। विश्वास कुमार रमेश का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। मीडिया से बातचीत के दौरान विश्वास कुमार रमेश ने उस खौफनाक मंजर को बयां किया। वहीं, पीएम मोदी ने रमेश विश्वास से मुलाकात की। विश्वास कुमार रमेश का कहना है कि सब कुछ मेरी आंखों के सामने हुआ। विश्वास कुमार ने कहा, ÷ मुझे खुद भरोसा नहीं होता कि मैं कैसे बाहर जिंदा निकला। क्योंकि कुछ टाइम के लिए मुझे भी लगा कि मैं मरने वाला हूं। जब मेरी आंख खुली तब एहसास हुआ मैं जिंदा हूं। मैंने दुर्घटना के बाद प्लेन से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढा।

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से हम सभी स्तब्ध हैं। इतने सारे लोगों की अचानक और हृद्य विदारक तरीके से मौतों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। हम उनके दर्द को समझते हैं और यह भी जानते हैं कि उनके पीछे जो खालीपन रह गया है। वह आने वाले कई सालों तक महसूस किया जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री ने दूसरे पोस्ट में लिखा, आज अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। तबाही का मंजर दुखद है। अधिकारियों और टीमों से मुलाकात की जो घटना के बाद अथक परिश्रम कर रहे हैं। हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है।

## एअर इंडिया प्लेन क्रैश: विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, जांच में साबित होगा अहम

**अहमदाबाद,ए.।**12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से एक मिल गया है, इससे विमान हादसे की वजह का पता लगाने में मदद मिलेगी, जिसमें 241 लोग मारे गए. रिपोर्ट के अनुसार, विमान के पिछले हिस्से में ब्लैक बॉक्स मिला और उसे सुरक्षित तरीके से रख दिया गया है. गुजरात एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि हमने विमान के मलबे से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद किया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, विमान के अगले हिस्से में लगा ब्लैक बॉक्स अभी तक नहीं मिला है।

विमान दुर्घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए ब्लैक बॉक्स में रिकॉर्ड हुई जानकारी काफी अहम मानी जाती है. आइए जानते हैं ब्लैक बॉक्स क्या होता है और यह कैसे काम करता है.

विमान के एक कोने में रखे छोटे से बॉक्स को ब्लैक बॉक्स कहा जाता है. यह एक छोटी मशीन होती है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करती है. ब्लैक बॉक्स मुख्य रूप से फ्लाइट रिकॉर्डर है. इसमें दो उपकरण होते हैं - कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर). सीवीआर रेडियो प्रसारण और पायलट की आवाज और इंजन की आवाज जैसी आवाजें रिकॉर्ड करता है. इसके जरिये जांच अधिकारी इंजन की गति और अन्य सिस्टम में खामी का पता लगा सकते हैं।

ब्लैक बॉक्स स्टील या टाइटेनियम जैसे मजबूत पदार्थों से बना होता है. यह भीषण आग में भी सुरक्षित रहता है. ब्लैक बॉक्स को विमान के पिछले हिस्से की ओर रखा जाता है, जहां दुर्घटना का प्रभाव आमतौर पर सबसे कम होता है।

## हनीमून मर्डर केस: सोनम नहीं, ये शख्स है राजा रघुवंशी हत्याकांड का मास्टरमाइंड, एक नहीं 4 बार रची गई थी साजिश

**शिलांग,कासं.।** सोनम रघुवंशी समेत राजा रघुवंशी मर्डर केस के सभी आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपियों की पूछताछ और पुलिस की जांच में सबसे बड़ा अपडेट यह निकलकर आया है कि राजा रघुवंशी हत्याकांड की मास्टरमाइंड सोनम नहीं बल्कि उसका कथित प्रेमी राज कुशवाहा है। राज ने साजिश रची और सोनम ने उसका साथ दिया।जानकारी के अनुसार, फरवरी में राज ने सोनम को गायब करने का प्लान बनाया था। फरवरी में पहला प्लान था की सोनम को नदी में बहा देते। दूसरा प्लान था, किसी महिला का शव अरेंज करके सोनम की स्कूटी के साथ जला देते ताकि सबको लगता की सोनम मर गई, लेकिन ये दोनों प्लान फरवरी में कामयाब नहीं हो पाए। इसी दौरान 11 मई को सोनम की शादी राजा रघुवंशी



से हो गयी। शादी के बाद सोनम और राजा कामाख्या देवी मंदिर दर्शन करने गए। 19 मई को राज के तीनों दोस्त विशाल, आनंद और आकाश पहले से ही गुवाहाटी आ गए थे। गुवाहाटी में ही पहले राजा को मारने का प्लान था लेकिम वो प्लान भी कामयाब नहीं हो पाया। गुवाहाटी वाला प्लान भी सफल नहीं हुआ। तब सोनम ने सोहरा में राजा की हत्या का प्लान बनाया। सोहरा में ये सब सोनम से मिले, पार्किंग में मुलाकात हुई। तीनों ने राजा की हत्या की और शव को खाई में फेंक दिया। सोनम वहीं मौजूद थी। इसके बाद ये लोग दोपहर 2ः18 पर स्पॉट से निकल गए। हत्यारों का सोनम ने दिया था साथसोनम ने अपना रेनकोट आकाश को दिया, क्योंकि आकाश की शर्ट पर खून लग गया था। एक स्कूटी सोनम खुद चला कर निकली।ड्ड पॉइंट पर सोनम का रेनकोट फेक दिया गया। जांच में सामने आया की आकाश की शर्ट पर खून के धब्बे थे। रेनकोट फेंकने के बाद आकाश स्कूटी चलाने लगा और सोनम आकाश के पीछे बैठ गयी। जो स्कूटी राजा ने किराए पर ली थी वो स्कूटी आनंद स्पॉट से लेकर निकला और सोहरा बॉर्डर के पास स्कूटी छोड़ दी। टैक्सी स्टैंड से सोनम ने टेक्सी बुक की, सोनम ने बुरखा पहना जो राज में विशाल के हाथों भिजवाया था। राज के कहने पर सोनम ने भाई को किया था फोनसोनम टैक्सी से गुवाहाटी पहुंची और


### दो मंजिला मकान की दीवार गिरी,तीन की मौत

**ग्वालियर,ए.।** शुक्रवार शाम को तेज आंधी-बारिश के दौरान एक मकान की दीवार गिर गई। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, मकान मालिक सहित 2 लोग हैं। घटना शंकरपुर इलाके की है। भावपुर थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुर में महेंद्र सिंह इंगले का मकान है। पास में ही उनका एक प्लॉट है। उस पर टीन शेड है। शाम को ग्वालियर में तेज आंधी और बारिश हुई। इसी दौरान महेंद्र के दो मंजिला मकान की दीवार टीन शेड पर ढह गई। हादसे के समय नीचे महेंद्र के साथ 5 लोग और बैठे थे। ये सभी दीवार के मलबे में दब गए। घटना का पता चलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू किया और सभी को अस्पताल पहुंचाया।

## करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का निधन

### -पोलो खेलते समय निगल ली थी मधुमक्खी, घबराहट से पड़ा दिल का दौरा

**मुंबई,ए.।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का निधन हो गया है। उन्होंने 53 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। संजय का निधन इंग्लैंड में पोलो खेतले समय दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ है। अब खबर आ रही है कि संजय ने पोलो खेलते समय एक मधुमक्खी निगल ली थी, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। मधुमक्खी संजय के गले में



फंस गई और घबराहट के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, संजय घोड़े पर सवार होकर पोलो खेल रहे थे, तभी उन्होंने गलती से एक मधुमक्खी निगल ली, जो उनके गले में फंस गई। घबराहट के कारण संजय को दिल का दौरा पड़ा और उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। बता दें कि अपनी मौत से महज कुछ घंटे पहले ही संजय ने अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर दुख जताया था और यह उनका आखिरी पोस्ट था। करिश्मा ने साल 2003 में संजय से शादी की थी। उनके 2 बच्चे बेटी समायरा और बेटा कियान हैं। हालांकि, शादी के कुछ सालों बाद वे अलग हो गए। साल 2014 में करिश्मा ने तलाक की अर्जी दाखिल की थी और 2016 में उनका तलाक हो गया। तलाक के समय करिश्मा ने संजय पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। अलग होने के बाद भी संजय अक्सर अपने बच्चों से मिलते रहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना: परिजनों को शव के लिए 72 घंटे करना होगा इंतजार

**अहमदाबादः,ए.।** एअर इंडिया विमान हादसे में 241 यात्रियों की जान चली गई है. इसके अलावा जिस स्थान पर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां कुछ लोग घायल भी हुए हैं. 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान बीजे अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की एक इमारत पर गिर गया. इस इमारत में ट्रेनी डॉक्टर, उनके परिवार और अन्य लोग काम कर रहे थे. इनमें से कुछ की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सिविल अस्पताल में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे. परिजन मृतकों की तलाश कर रहे थे. मृतकों के परिजनों को सिविल अस्पताल में ब्लड सैंपल देने के लिए कहा गया और 72 घंटे तक इंतजार करने को कहा गया.

### कंझावला हिट एंड रन मामले की सुनवाई टली, अगली सुनवाई 24 जुलाई को

**नई दिल्ली,ए.।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने कंझावला हिट एंड रन मामले की सुनवाई टाल दिया है. एडिशनल सेशंस जज राजिंदर कुमार के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है. अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी.

बता दें कि कोर्ट ने 27 जुलाई 2023 को चार आरोपियों अमित खन्ना, मनोज मित्तल, मिथुन और कृष्णा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120क्क 201, 212 समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था. रोहिणी कोर्ट ने तीन आरोपियों दीपक खन्ना, अंकुश और आशुतोष के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 201, 212, 182, 34 और 120बी के आरोप तय करने का आदेश दिया था।

## बिहार चुनाव से पहले आप का बड़ा ऐलान, 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली,ए.।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारेगी, हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ स्पष्ट है नहीं किया था, लेकिन अब पार्टी नेतृत्व से मिले संकेत के बाद, आम आदमी पार्टी बिहार के सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है. दिल्ली से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह 17 जून को पटना में गर्दनीबाग से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हुंकार भरेंगे. वर्ष 2012 में दिल्ली से राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाली आम आदमी पार्टी ने जब दिसंबर 2013 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था तब से लेकर अभी तक दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल और खासतौर से बिहार के रहने वाले मतदाताओं को अपने साथ बनाए रखने में सफल हुई. इस वर्ष फरवरी में संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुमत से दूर रह गई, पार्टी को 70 में से सिर्फ 22 सीटें मिली और बीजेपी 48 सीटें जीतने में सफल हुई. मगर वोट फीसद की बात करें तो दोनों ही पार्टी के बीच करीब दो फीसदी का ही अंतर था. दिल्ली के पूर्वांचल बहुत सीटों पर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन इस बार भी अच्छा रहा. उन सीटों पर आप के अधिकांश विधायक जीतने में सफल रहे थे. दिल्ली विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी ने जो संगठनात्मक बदलाव किया उसमें बिहार के प्रभारी दिल्ली के बादली विधानसभा सीट से विधायक रहे अजेश यादव को प्रभारी बनाया, तो वहीं बिहार में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. राकेश कुमार ने कहा कि पार्टी बिहार में बीते एक दशक से अच्छा काम कर रही है. हर एक जिले में संगठन बना हुआ है और पार्टी से संकेत मिलने के बाद अब सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

## डिफेंस एक्सपो: सीएम योगी आरक्षियों को देंगे नियुक्ति पत्र, 20 मार्गों पर लागू होगा डायवर्जन

**लखनऊ,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर चयनित 60,244 अभ्यर्थियों को रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डिफेंस एक्सपो में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। ऐसे में बाहर से हजारों लोगों के शहर में प्रवेश होने की वजह से यातायात पुलिस ने डिफेंस एक्सपो जाने वाले 20 मार्गों पर डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन शनिवार शाम 4 बजे से अगले दिन रविवार को शाम 5 बजे तक लागू रहेगा। यातायात विभाग ने शहर के अंदर बस, कामर्शियल वाहनों व सामान्य यातायात के लिए डायवर्जन व्यवस्था लागू की है।

अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़

अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़ से सामान्य यातायात अमौसी एयरपोर्ट के अंदर प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़ से अमौसी कामर्शियल मोड़ से बाएं होकर जाएगा।

**सेक्टर सात सी वृन्दावन योजना (चिरैयाबाग)**

वृन्दावन योजना रेलवे अंडरपास तिराहा (चिरैयाबाग) शहीदपथ अंडरपास से सेक्टर-9ए, मामा तिराहा, ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरीखेड़ा) चौराहा से सेक्टर-15 वृंदावन योजना कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। यह यातायात सेक्टर -7 सी वृंदावन योजना रेलवे अंडरपास तिराहा से सेक्टर-8 वृंदावन योजना तिराहा, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के किनारे से उतरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रासिंग अंडरपास से दाहिने उतरेठिया रेलवे स्टेशन रोड या तेलीबाग होकर जाएगा।

**सेक्टर-08 वृन्दावन योजना शहीद पथ अंडरपास चौराहा**

सेक्टर-08 वृन्दावन योजना शहीद पथ अंडरपास चौराहा से सेक्टर-10, सेक्टर-15 वृन्दावन योजना कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबन्धित रहेगा, बल्कि यह यातायात सेक्टर-08 वृन्दावन योजना शहीद पथ अंडरपास चौराहा अमेटी इण्टर नेशनल स्कूल के सामने उतरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रासिंग अंडरपास से दाहिने उतरेठिया रेलवे स्टेशन रोड या तेलीबाग होकर अपने गंतव्य को जाएगा।

## फ्रांस के साथ एमओयू से प्रदेश की संस्कृति को मिलेगा वैश्विक मंच-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश बनेगा भारत-फ्रांस सांस्कृतिक और पर्यटन सहयोग का नया केंद्र

**भोपाल,ब्यूरो।** फ्रांस और मध्यप्रदेश के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष मुख्यमंत्री निवास, समत्व में एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (स्श्व) पर हस्ताक्षर किए गए। यह मध्यप्रदेश को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। इस ऐतिहासिक एमओयू पर भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला



और अलायंस फ्रांसेज़ डी भोपाल के अध्यक्ष श्री अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अगले तीन वर्षों के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ सम्बन्ध हमेशा से अच्छे रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे के बाद यह और प्रगाढ़ हुए है। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक सम्बन्धों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए बहुत खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य, प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खानपान और संस्कृति से जुड़े अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा।

# आईटीआई विजयपुर में प्रवेश प्रक्रिया जारी, 16 तक करें आवेदन



**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया जारी है, इन संस्थानों में 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर च्वांइस फिलिंग की जा सकती है। प्राचार्य आईटीआई विजयपुर श्री पवन कुमार ओरैया ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आईटीआई विजयपुर में प्रवेश के लिए क्षेत्रीय विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु कैम्पेन चलाई जा रही है, जिसमें आईटीआई स्टॉफ द्वारा ग्रामों में जाकर 10वी पास विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावको से संपर्क किया जा रहा है। उन्होने बताया कि आईटीआई विजयपुर में एससीवीटी व्यवसाय में मैकेनिक डीजल की 48 सीटे है, इसके साथ ही एनसीवीटी व्यवसाय में इलेक्ट्रिशियन एवं फिटर की 20-20 तथा कोपा और हिन्दी स्टेनो की 48-48 सीटो पर प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी 16 जून तक आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया कि आईआईटी में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल ूण्केकण्उचण्हवअण्पद पर 16 जून तक आवेदन, पंजीयन व च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन उपरांत संस्थाओं तथा व्यवसायों के क्रम का चयन 16 जून तक कर सकेंगे। इसी क्रम में 17 जून को आवेदकों के लॉगइन पर कॉमन रैंक प्रदर्शित की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिये मोबाइल नंबर 9827262163, 9340449252, 7999850360, 9425125720 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अग्निवीर वायु सेना भर्ती मार्गदर्शन हेतु कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में आज वायु सेना अग्निवीर भर्ती के संबंध में छात्रों को जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भोपाल से आये वायु सेना भर्ती अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना अंतर्गत मार्गदर्शन दिया गया। 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर भोपाल से आए सार्जेंट श्री एमके विष्ट ने विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु सेना भर्ती के पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया। जबकि कॉरपोरल श्री एस जाना ने विद्यार्थियों को पात्रता संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार, अविवाहित पुरुष एवं महिलाएं जो भारतीय नागरिक हैं और 17 से 21 वर्ष की आयु के हैं वे आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा, प्रोफेसर डॉ. रमेश भारद्वाज, डॉ. लोकेंद्र सिंह जाट, डॉ. लक्ष्मीकांत राय, डॉ. साजिद अली एवं डॉ. अलंकृता साकेत, पॉलीटेक्निक प्राचार्य श्री अजीत अहिरवार, रोजगार अधिकारी श्री आशीष जैन, रोजगार कार्यालय से श्री नीरज चिढार मौजूद रहें।

# लॉ एंड ऑर्डर, सिविल डिफेंस, आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित

**एमएलसी एवं पीएम रिपोर्ट अब सीसीटीएनएस से ऑनलाइन भेजी जायेगी, बाढ आपदा प्रबंधन को लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें-डीएम, बाउंडओवर करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें-एसपी**




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि विभिन्न थानों में दर्ज होने वाले मामलों में अपेक्षित एमएलसी रिपोर्ट तथा मृत्यु के मामले में पीएम रिपोर्ट अब सीसीटीएनएस के माध्यम से ऑनलाइन भेजी जायेगी। सभी स्वास्थ्य संस्थाएं उक्त रिपोर्ट ऑनलाइन पुलिस को उपलब्ध करायेंगे। इसके लिए ऑपरेटर को प्रति प्रकरण रिपोर्ट ऑनलाइन करने की एवज में 100 रूपये की राशि दिये जाने का प्रावधान किया गया है। सभी मेडिकल ऑफिसर यह सुनिश्चित करे कि अब उक्त दोनो प्रकार की रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी जायें। इसके साथ ही उन्होने लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि एसडीएम एवं एसडीओपी समन्वय से कार्य करें तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए विधि सवंत सभी उपाय सुनिश्चित किये जायें। उन्होने वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए बाढ आपदा प्रबंधन के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दियें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लॉ एंड ऑर्डर, सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन, अपर कलेक्टर श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एडिशनल एसपी श्री प्रवीण भूरिया, एसडीएम श्योपुर श्री बीएस श्रीवास्तव, कराहल श्री मनोज गढवाल, विजयपुर श्री अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी श्योपुर श्री राजीव गुप्ता, बडौदा श्री प्रवीण अष्ठाना, विजयपुर श्री राघवेन्द्र तोमर, डीएसपी श्री पीएन गोयल सहित तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि भूमि संबंधी विवादों पर निगरानी रखी जायें तथा इस प्रकार के प्रकरण विधि संवत कार्यवाही की जायें। एहतियात के तौर पर संबंधित पक्षों को बांउडओवर की कार्यवाही भी की जा सकती है। सिविल डिफेंस की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र से 10-10 वॉलेटियर प्रशिक्षण के लिए भेजेगे, अभी तक 1045 वॉलेटियर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिले में 28 सायरन उपलब्ध है। सिविल डिफेंस के तहत संवेदनशील स्थानों का चिन्हांकन सुनिश्चित किया जायें। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ट्रामा सेंटर, बर्न यूनिट सहित आपातकालीन स्थितियों में स्वास्थ्य सेवाओं का आंकलन करते हुए तैयारियां रखें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बाढ आपदा प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिये कि तैराको की सूची मोबाइल नंबर सहित तैयार की जायें, वर्षा पूर्व कुए, हैंडपम्प एवं अन्य जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन कराया जायें, आपदा के समय विधुत एवं मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जायें। किसी भी स्थिति में मोबाइल टावर बंद न हो, मोबाइल टावर कपंनियों के प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि अतिवर्षा, बाढ़ के समय मोबाइल नेंटवर्क चालू रहें। 08 घंटे बैट्ररी बैकअप के साथ ही जनरेटर की व्यवस्था रखी जायें। उन्होने संवेदनशील ग्राम सूंडी एवं सांड में टीमें तैनात करने के साथ ही एसडीआरएफ की एक टीम विजयपुर तथा एक टीम बडौदा में रखे जाने के निर्देश भी दियें। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन ने निर्देश दिये कि कानून एवं व्यवस्था के तहत असामाजिक तत्वों के खिलाफ एनएसए एवं जिलाबदर सहित बांउडओवर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही एमएलसी एवं पीएम के प्रकरण ऑनलाइन भेजे जायें तथा मेडिकल आफिसर से उक्त रिपोर्ट सीसीटीएमएस माध्यम में ऑनलाइन ही प्राप्त की जायें, प्रतिदिन की एमएलसी रिपोर्ट की जानकारी जिला प्रशासन को भी भेजी जायें। राजस्थान क्षेत्र से लगने वाली नदियों के पुलों पर साइन बोर्ड लगाये जायें, इसके साथ ही ऐसी पुलिया जिन पर वर्षाकाल में जल भराव हो जाता है, वहां पर भी संकेतक लगाये जायें।

**बाढ आपदा प्रबंधन के तहत 60 ग्राम चिन्हित**

वर्षाकाल के दौरान बाढ एवं अतिवर्षा के चलते जोखिम पूर्ण स्थिति की संभावना वाले 60 ग्राम चिन्हित किये गये है, जिनमें श्योपुर तहसील के 40, बडौदा के 06, कराहल के 03, विजयपुर के 05 एवं वीरपुर तहसील के 06 गांव शामिल है। होमगार्ड की कमांडेंट श्रीमती सुमन बिसारिया ने जानकारी दी कि वर्तमान में बाढ आपदा प्रबंधन हेतु 4 मोटर बोट, 95 लाइफ जैकेट, 8 नाव, 10 इमरजेंसी लाइट, 54 लाइफबॉय आदि बचाव सामग्री उपलब्ध है। इसके साथ ही अन्य सामग्री के लिए डिमांड भेजी गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने पशुओं की सुरक्षा के लिए वर्षाकाल में तैयार की गई रणनीति के तहत पशु टीकाकरण, रोग प्रबंधन, जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय सहायता दलो के कर्तव्य एवं दायित्वों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बाढ के दौरान पशुपालकों को सलाह दी जानी चाहिए कि पशुओं को रस्सी से बाधकर न रखा जायें, बल्कि ऐसे समय में पशुओं को खुला छोड दिया जायें।

# आबकारी के 5 प्रकरण दर्ज, 74 हजार रूपये की अवैध शराब जब्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मदिरा के अवैध संग्रह, विक्रय, परिवहन पर कड़ा नियंत्रण रखने के लिए दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी श्री कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में श्योपुर जिले में अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आबकारी पुलिस द्वारा वृत्त श्योपुर के ग्राम मठेपुरा में दबिश दी गई, कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्यवाही में 76 लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गयी एवं लगभग 600 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्तशुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 74 हजार 600 रुपये पाई गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्री संजीव कुमार धुर्वे, आबकारी आरक्षक एवं होमगार्ड सैनिक शामिल रहें।



# 12 बी पैक्स नई संस्थाओं का गठन होगा, 24 तक आपत्ति आमंत्रित

**श्योपुर ब्यूरो।** शासन के निर्देशानुसार जिला श्योपुर की 47 में से 12 बी पैक्स संस्थाओं का पुर्नगठन कर 12 नई बी पैक्स संस्थाएं गठित की जा रही है, इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा 24 जून तक दावे आपत्ति आमंत्रित किये गये है। सहायक आयुक्त सहकारिता श्री ध्रुव कुमार झारिया ने बताया कि श्योपुर जिले में 47 बी पैक्स संस्थाएं है, इनमें से 12 बी पैक्स संस्थाओं का पुर्नगठन कर उसमें से 12 नई बी पैक्स संस्थाएं बनाई जा रही है। इसके तहत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी पैक्स) विजयपुर में से गोहटा, गसवानी में से बडौदा कला, गढी में से दोर्द, अर्रोद में से उमरीकलां, उतनवाड में से बाजरली, आवदा में से पहेला, रघुनाथपुर में से सुठारा, दांतरदा में से बनवाडा, मानपुर में से जैनी, प्रेमसर में से आमल्दा, बिजरपुर में से पच्चीपुरा एवं जमूदी में से टर्राखुर्द में नई संस्थाएं गठित की जा रही है। इसलिए पुरानी संस्थाओं का पुर्नगठन करते हुए नई संस्थाओं के गठन की प्रक्रिया जारी है। पुर्नगठन योजना का प्रारूप संबंधित बी पैक्स संस्थाओं को उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित समिति के सदस्य पुर्नगठन योजना के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी से अवगत होना चाहते है या कोई सुझाव अथवा आपत्ति देना चाहते है, तो समिति के उपलब्ध पुर्नगठन योजना प्राप्त कर संबंधित समिति में अथवा कार्यालय सहायक सहकारिता जिला श्योपुर में अपनी आपत्ति 24 जून तक प्रस्तुत कर सकते है।

# बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित, 24 घंटे कार्यरत रहेगा

**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले में चंबल एवं पार्वती नदी में पिछले वर्षो में आई बाढ़ तथा वर्तमान में बारिश के दौरान बाढ़ की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बाढ एवं राहत कार्यो के लिए कलेक्टेऱ्ट श्योपुर में बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह बाढ नियंत्रण कक्ष सातो दिन 24 घंटे कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07530-222631 एवं 07530-221459 है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन को नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7987105924 है। इसके साथ ही बाढ नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

# नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड में खेल गतिविधियों का हुआ आयोजन



**भिण्ड ब्यूरो।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित नशामुक्त भारत अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर (01 जून से 26 जून 2025 तक) कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला भिण्ड में नशामुक्ति हेतु जागरूकता कार्यक्रमोंध्गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और इनसे बचाना है, बल्कि इस अभियान को नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप देना है। ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। अभियान के तहत जिले में 01 जून से 26 जून तक अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में समझाईश दी गयी तथा बच्चों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत खेल गतिविधियां आयोजित की गईं एवं स्वयं तथा अपने परिवारजनों को नशे से दूर रहने के लिए नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

# कलेक्टर ने 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर लगाया प्रतिबंध बंद ऋतु काल में मत्स्याखेट पूर्णतः रहेगा प्रतिबंधित

**अवैद्यानिक मत्स्याखेट/परिवहन/क्रय/विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर होगी कार्यवाही**

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु काल में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर कहा है कि मध्यप्रदेश मत्स्योद्योग अधिनियम 1948 (संशोधित) 1981 की धारा 3 (3) एवं मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 के नियम 3 (2) के अंतर्गत सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक बंद ऋतु काल होने के कारण अवैद्यानिक मत्स्याखेट/ परिवहन/ क्रय/ विक्रय निषिद्ध होकर संज्ञेय अपराध है, नियम का उल्लंघन करने पर उक्त मत्स्योद्योग की धारा 5 में रुपये 5000ध- तक जुर्माना अथवा 01 वर्ष का कारावास अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है, मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग के ज्ञापन दिनांक 23 मार्च 1987 के अंतर्गत छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु काल में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बंद ऋतु काल की अवधि में अवैद्यानिक मत्स्याखेट/परिवहन/क्रय/विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर उनके विरुद्ध अधिनियम, प्रावधानों, निर्देशों के तहत कार्यवाही की जावेगी। यह वैद्यानिक व्यवस्था मछली का प्रजनन काल होने से वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखकर मत्स्य संरक्षण हेतु की जाकर उक्त काल को बंद ऋतु काल घोषित किया गया है। अतः संबंधित पुलिस, राज्य परिवहन, नगर पालिका, रेल विभाग के अधिकारियों के सहयोग की अपेक्षा करते हुए आशा है कि गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी प्रभावी मत्स्य संरक्षण कार्य को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# कार्यालय प्रमुख 14 एवं 15 जून को कार्यालय खोलकर लंबित सीएम हैल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करायेंगे - कलेक्टर

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने दिनांक 14 एवं 15 जून 2025 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि समस्त विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतें लंबित हैं उक्त दोनों दिवसों में सम्बंधित कार्यालय प्रमुख अपने जिला एवं ब्लाकध्तहसीलध्परियोजना स्तर के कार्यालय को खोलकर लंबित सीएम हैल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करायेंगे। साथ ही कलेक्टर भिण्ड द्वारा गूगल मीट के माध्यम से प्रातरू 10रू30 बजे लंबित सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा (सभी अधिकारी वर्चुअल वीसी में विडियो कैमरा चालू रखेंगे) की जायेगी तथा सायं 7रू00 बजे निराकरण की गयी शिकायतों की जानकारी ली जायेगी।उपरोक्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो।

# विजयपुर में जमीनी विवाद में गोली मारी,महिला घायल

**विजयपुर।** विजयपुर सब डिवीजन के थाना अगरा क्षेत्र के ववनबास गांव में खेत जोतने पर जमीनी विवाद को लेकर दबंगो द्वारा फायरिंग की गई जिसमें एक महिला शारदा पत्नी बृजमोहन धाकड उम्र 35 वर्ष के पैर में गोली लग गई हैं। महिला घायल हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस थाना अगरा पहुंच गई। बताया जा रहा है कि विजयपुर निबासी राजेन्द्र गर्ग बबनबास ग्राम में अपनी पट्टे की जमीन को जुतबाने गया था , उसी जमीन पर बृजमोहन धाकड़ ने कब्जा कर रखा था,जमीनी बिबाद के चलते फायरिंग हुई जिसमें बृजमोहन धाकड़ की पत्नी सारदाधाकड उम्र 35 के पैर मैं गोली लगी है।



# कैबिनेट मंत्री बरैया के सहयोग से बची दुर्घटना में घायल की जान

**बीरपुर(गिर्राज गर्ग)।** सहरिया विकास प्राधिकरण केबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री श्री तुरसनपाल बरैया के सहयोग व सूझबूझ से शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल एक आदिवासी की जान बच गई।हुआ यह कि श्री बरैया अपने वाहन से श्योपुर से आ रहे थे तभी उन्हें रास्ते में भानपुरा मंदिर के पास हाईवे पर झाड़ियों में एक व्यक्ति पड़ा दिखा।उन्होंने वाहन रोककर देखा तो मामला एक्सीडेंट का लगा।मंत्री जी ने गंभीर हालत में मरीज को अपने साथियों की सहायता से गाड़ी में वीरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ डॉ प्रदीप जादौन द्वारा प्राथमिक उपचार कर ग्वालियर रैफर कर दिया गया। मंत्री जी के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर समाजसेवी गिर्राज गर्ग नरेश बंसल भीष्म चौबे मरीज को फल लेकर पहुंचे और सहयोग किया। मरीज ने अपना नाम रामावतार आदिवासी पिता का नाम विजय बहादुर आदिवासी बताया।वह विजयपुर का निवासी है तथा ओछापुरा अपनी ससुराल में गया था।उसने यह भी बताया कि वह दोपहर 12 बजे सड़क पर पैदल जा रहा था तभी बीरपुर की ओर से आ रही बोलेरो गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी इसके बाद वह बेहोश हो गया।करीब 5 घण्टे वह वहीं पड़ा रहा यदि मंत्रीजी की निगाह उस पर नहीं पड़ती तो उसके साथ अनहोनी हो सकती थी।



# कलेक्टर एवं नगर परिषद मालनपुर अध्यक्ष ने टेवा एपीआई इंडिया प्रा.लि. द्वारा बनाई गई तीन ओपन जिम का किया लोकार्पण




**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव एवं नगर परिषद मालनपुर अध्यक्ष श्रीमती रायश्री किरार ने टेवा एपीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर द्वारा जनहित एवं सामुदायिक कल्याण की भावना के अंतर्गत बनाई गई तीन ओपन जिम का लोकार्पण किया। यह ओपन जिम, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य, फिटनेस तथा जीवनशैली में सकारात्मक सुधार लाना है। यह ओपन जिम जनसामान्य के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा तथा क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराएगा। इस दौरान जीएम डीआईसी श्री अमित शर्मा, शासकीय अरविन्द महाविद्यालय गोहद प्रिंसिपल श्री ए.आर. सगर, टेवा एपीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**टेवा एपीआई इंडिया प्रा.लि. मालनपुर में किया पौधारोपण**

कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव एवं नगर परिषद मालनपुर अध्यक्ष श्रीमती रायश्री किरार ने टेवा एपीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर में पौधारोपण किया। इस दौरान जीएम डीआईसी श्री अमित शर्मा, शासकीय अरविन्द महाविद्यालय गोहद प्रिंसिपल श्री ए.आर. सगर, टेवा एपीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधिगणों ने भी पौधारोपण किया।

# कलेक्टर ने सहायक लेखाधिकारी तत्कालीन प्रभारी लेखाधिकारी जिला पंचायत भिण्ड को बगैर किसी वैध संविदा अनुबंध के किये जा रहे कार्य से किया पृथक

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने सहायक लेखाधिकारी तत्कालीन प्रभारी लेखाधिकारी जिला पंचायत भिण्ड श्रीमती चित्रा शिवहरे पर लगाए गए आरोपों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये उनके द्वारा बगैर किसी वैध संविदा अनुबंध के किये जा रहे कार्य से पृथक कर दिया है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर कहा है कि सहायक लेखाधिकारी तत्कालीन प्रभारी लेखाधिकारी जिला पंचायत भिण्ड श्रीमती चित्रा शिवहरे के संबंध में प्राथमिक जांच में अनियमितता पायी गयीं। जिसके संबंध में श्रीमती चित्रा शिवहरे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जबाव चाहा गया कि संविदा सेवा अनुबंध की कण्डिका 4 के तहत क्यों न उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाये। श्रीमती शिवहरे द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2025 को इस संबंध में जबाव प्रस्तुत कर आरोपों से इंकार किया। श्रीमती शिवहरे द्वारा प्रस्तुत जबाब में आरोपों का समाधान नहीं होता है। श्रीमती चित्रा शिवहरे सहायक लेखाधिकारी (मनरेगा) जनपद पंचायत भिण्ड वर्तमान में किसी वैध संविदा अनुबंध के तहत कार्यरत नहीं है। उनके ऊपर लगाये गये आरोपों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये उनके द्वारा बगैर किसी वैध संविदा अनुबंध के किये जा रहे कार्य से पृथक किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।


**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

प्र.क्र.0094/निगरानी/2024-25/ 7397 — श्योपुर, दिनांक 3-6-2025

:: सूचना-पत्र ::

म.प्र.शासन ..............आवेदक

बनाम

1. जामिर हुसैन पुत्र अब्दुल गफ्फार जाति मुसलामन
2. मुस्ताहक पुत्र शब्बीर जाति मुसलमान
3. सरदार पुत्र अब्दुल गफूर जाति मुसलामन
4. अहमद पुत्र जुम्मा जाति मुसलमान
5. अमरखां पुत्र बन्ने खां जाति मुसलमान
6. मसूद इकबाल पुत्र अब्दुल खालिद जाति मुसलमान

निवासीगण ग्राम माखनाखेडली तहसील व जिला श्योपुर ........अनावेदकगण

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अभिलेख जांच शाखा द्वारा पत्र क्रमांक/अभि. जांच/जिला अभिलेखागार/2023 श्योपुर दिनांक 26.12.2023 द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ग्राम माखनाखेडली के बाहर निवासरत व्यक्तियों के नाम पर निम्नानुसार अवैध प्रविष्टियां दर्ज की गई हैं:-

| क्र. | खसरे में अंकित व्यक्ति का विवरण | सर्वे क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 1. | जामिर हुसैन पुत्र अब्दुल गफ्फार जाति मुसलमान | 84/1/1 | 2.000 |
| 2. | मुस्ताहक पुत्र शब्बीर जाति मुसलमान | 84/1/5 | 1.463 |
| 3. | सरदार पुत्र अब्दुल गफूर जाति मुसलमान | 84/1/7 | 2.000 |
| 4. | अहमद पुत्र जुम्मा जाति मुसलमान | 84/1/15 | 2.000 |
| 5. | अमरखा पुत्र बन्नें खां जाति मुसलमान | 84/1/11 | 2.000 |
| 6. | अमरखां पुत्र बन्ने खां जाति मुसलमान | 84/1/अ | 2.000 |
| 7. | मसूद इकबाल पुत्र अब्दुल खालिद जाति मुसलमान | 84/1/8 | 2.000 |

उपरोक्त के संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण प्रचलित है। इस संबंध में यदि आप अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो स्वयं अथवा अभिभाषक के जर्ये न्यायालय अपर कलेक्टर जिला श्योपुर म.प्र. में नियत पेशी **दिनांक 19.06.2025** को समय **प्रातः 11.00** बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण को एक पक्षीय कर आदेश पारित किया जावेगा।

G-14277/25

अपर कलेक्टर
जिला श्योपुर (म.प्र.)


# श्रम विभाग ने 1 बाल एवं 6 किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया

**भिण्ड ब्यूरो।** श्रम पदाधिकारी भिण्ड ने बताया कि दिनांक 12 जून 2025 को भिण्ड जिले के अंतर्गत शहर में संचालित संस्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर बाल श्रमिकों के नियोजन की रोकथाम हेतु जन-जागरण अभियान चलाया गया एवं संस्थानों पर बाल श्रम अधिनियम, 1986 के तहत धारा 12 की सूचना भी प्रदर्शित कराई गई। धरती संस्था भिण्ड द्वारा पूर्व से चिन्हित संस्थान जहाँ बाल/कुमार श्रमिकों को नियोजित किया गया था ऐसे संस्थानों पर श्रम निरीक्षकद्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर 01 बाल एवं 06 किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया एवं बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परिजनों को सुपुंद किया गया। संस्थानों पर बालकों/किशोरो को नियोजित करने के कारण नियोजकों से बचन पत्र भी लिये गये कि भविष्य में उनके द्वारा कभी बालध्किशोर श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जायेगा। उक्त कार्यवाही में श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक भिण्ड श्री मनीष झा, थाना देहात से बाल कल्याण अधिकारी श्री भानू प्रताप, विशेष किशोर पुलिस ईकाई भिण्ड से श्री योगेन्द्र सिंह व धरती संस्था से जिला समन्वयक श्री रामवीर सिंह एवं श्री विनोद सिंह उपस्थित रहे। संस्थान जिनके विरुद्ध कार्यवाही की गई श्री खाटूश्याम धुलाई सेन्टर, वायपास रोड भिण्ड। दीपेश नमकीन, लहार चुंगी भिण्ड। गुरुदेव ऑटो पार्टस, लहार चुंगी भिण्ड। इटावा ऑटो वर्कशॉप, इटावा रोड भिण्ड। इमरान ऑटो पार्टस, इन्दिरा गाँधी चौराह भिण्ड। महाकाल नाश्ता भण्डार, लहार चुंगी भिण्ड।



# कम वजन के बच्चों को सुपोषित करने के लिये टू-डू-लिस्ट सहित कार्ययोजना बनाएँ : कलेक्टर

**सरकार व समाज के साझा प्रयासों से जिले में चलेगा सुपोषण अभियान, कम वजन के बच्चों को गोद दिलाकर बनाया जायेगा स्वस्थ, महिला बाल विकास की गतिविधियों की हुई समीक्षा बैठक, महिला बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश**



**ग्वालियर।** कम वजन के बच्चों को पूर्णतः स्वस्थ व सुपोषित बनाने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करें। साथ ही टू-डू-लिस्ट भी बनाएं कि कार्ययोजना के तहत हर दिन, हर सप्ताह व हर माह कौन-कौन से काम किए जाने हैं। महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय बनाकर इस कार्ययोजना को इस प्रकार से मूर्तरूप दें, जिससे कोई भी कम वजन का बच्चा लाभान्वित होने से वंचित न रहे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कम वजन के बच्चों को सरकार व समाज के साझा प्रयासों से सुपोषित बनाने के लिये अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत सेवाभावी व साधन सम्पन्न नागरिकों को बच्चों को गोद दिलाया जायेगा। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जोर देकर कहा कि विशेष अभियान चलाकर अति कम व कम वजन के शतप्रतिशत बच्चों को चिन्हित कर सूची तैयार करें। स्वास्थ्य विभाग की एएनएम आंगनबाड़ी पर पहुँचकर बच्चों की स्क्रीनिंग करें और ऐसे बच्चों की सूची बनाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध कराएं, जिनको पूर्णतः सुपोषित बनाने के लिये पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जाना है। साथ ही कम वजन के ऐसे बच्चों की सूची अलग से तैयार करें, जो एनआरसी के मापदण्ड में नहीं आते और उन्हें साझा प्रयासों से समुदाय के बीच ही पूर्णतः सुपोषित किया जाना है। उन्होंने कहा सूचियों के आधार पर बच्चों को गोद दिलाने के प्रयास किए जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पोषण आहार वितरण की समीक्षा के दौरान कहा कि टेक होम राशन वितरण में गैप कदापि न हो। उन्होंने पिछले 6 माह में वितरित किए गए टेक होम राशन की जानकारी परियोजनावार मांगी है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसी स्थिति पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बैठक में विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती उपासना राय व सहायक संचालक श्री राहुल पाठक, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर एनआरएचएम डॉ. विजय भार्गव, एनआरसी के नोडल अधिकारी डॉ. आशुतोष शर्मा व जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रबल प्रताप सिंह तथा जिले की विभिन्न परियोजनाओं के बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।

**जिले के सभी एनआरसी की क्षमताओं का पूरा उपयोग हो**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के चारों पोषण पुनर्वास केन्द्रों (एनआरसी) की क्षमताओं का शतप्रतिशत उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने भितरवार के एनआरसी में उपलब्ध बैड का पूरा इस्तेमाल न होने पर नाराजगी जताई। ज्ञात हो जिले में वर्तमान में पाँच एनआरसी स्वीकृत हैं, जिनमें ठाठीपुर (20 बैड), डबरा (20 बैड), भितरवार (10 बैड), मोहना (10 बैड) एवं बरई (6 बैड) शामिल हैं। कलेक्टर ने डबरा में वर्तमान में संचालित हो रहे 10 बैडेड को 20 बैडेड करने के लिये कहा।

**ई-केवायसी के प्रति उदासीन सीडीपीओ को मिलेंगे कारण बताओ नोटिस**

महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान ई-केवायसी की प्रगति ठीक न पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने एकीकृत बाल विकास परियोजना डबरा क्र.-2, गिर्द, भितरवार, मुरार व शहरी क्र.-4 के बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि आगे से पोषण आहार उन्हीं बच्चों व माताओं को मिलेगा, जिनकी ई-केवायसी हो जायेगी। इसलिये इस काम में ढ़िलाई न हो।

**आंगनबाड़ी केन्द्र में ओआरएस कॉर्नर और कम वजन के बच्चों के लिए दवाओं की किट बनाएं**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के सुपोषण का ध्यान रखने के साथ-साथ उन्हें डी-हाइड्रेशन से बचाने के लिये ओआरएस कॉर्नर भी बनाएं। इसी तरह कम वजन के बच्चों के लिये निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत दवायें उपलब्ध कराने के लिये दवाओं की किट भी तैयार की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह काम जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए।

**चिन्हित बच्चों के माता-पिता की करें काउंसलिंग और उन्हें अन्य योजनाओं का लाभ भी दिलाएं**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि चिन्हित कम वजन के बच्चों को सुपोषित बनाने में उनके माता-पिता की भूमिका सबसे अहम होती है। इसलिए माता-पिता की भी काउंसलिंग की जाए। इसके लिये सरल भाषा में प्वॉइंट तैयार कर आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से माता-पिता की काउंसलिंग की जाए। उन्होंने चिन्हित बच्चों के माता-पिता को सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिले में चिन्हित सहरिया जनजाति बहुल 10 गाँवों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत 15 से 30 जून तक लगने जा रहे शिविरों में कम वजन के बच्चों के सुपोषण के लिये विशेष प्रयास करने के निर्देश भी बैठक में दिए।

**कम वजन के बच्चों की मालिश व्यवस्था भी होगी**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संवेदनशीलता के साथ कम वजन के बच्चों को सुपोषित बनाने में मदद का आह्वान करते हुए कहा कहावत है कि हाथ लगाने से भी बच्चों की सेहत सुधरती है।

# इंटीग्रेटेड वाटर मैनेजमेंट प्लान को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**ग्वालियर।** यूनेस्को नई दिल्ली कार्यालय एवं राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत ग्वालियर का सिटी वाटर इंफॉर्मेशन नेटवर्क पोर्टल तैयार किया गया है। जिसमें शहर के जल स्रोत, जल प्रदाय एवं सीवरेज से संबंधित जानकारी एवं बिछी हुई जल वितरण नलिकाएं एवं सीवर लाइनों का रक्शा, प्रयुक्त एवं उपचारित जल, वाटर लॉगिंग एरिया तथा स्टॉर्म वाटर से संबंधित जानकारी को एकत्रित कर एक पोर्टल पर डाला गया है। जिसका प्रशिक्षण आज शुक्रवार को राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान नई दिल्ली के प्रतिनिधियों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को दिया गया तथा पोर्टल में आवश्यक सुधार हेतु सभी के सुझाव लिए गए। निगम मुख्यालय के मीटिंग सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान नई दिल्ली के प्रतिनिधियों श्री अनिरुद्ध सोनी एवं सुश्री शिल्पी चक्रवर्ती ने निगम अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से निगम के अधिकारी शहर के सभी 66 वार्डों में पानी, सीवर, जल भराव, वर्षा जल, ग्राउंड वाटर लेवल इत्यादि की जानकारी एवं डिटेल अब डिजीटल नेटवर्क के माध्यम से एक क्लिक पर प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों के बताये विभिन्न वार्ड एवं प्रमुख स्थानों की डिटेल पोर्टल के माध्यम से लाइव दिखाई गई। साथ ही इस जानकारी में यदि कोई बदलाव करना है तो अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी एवं डॉक्यूमेंट के आधार पर पोर्टल में बदलाव भी किया जा सकता है। इस अवसर पर कई अधिकारियों द्वारा आवश्यक सुझाव दिए गए। जिन्हें संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा नोट कर उसके अनुसार कार्य करने का आश्वासन दिया गया प्रशिक्षण के दौरान जनकार्य विभाग, पीएचई सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार को लेकर कार्यशाला आयोजित





**ग्वालियर।** नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण जुड़ी गतिविधियों और पहल का प्रसार करने के उद्देश्य से अमृत हरित महा अभियान पर केन्द्रित कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाज सेवी संस्थाओं एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। जिसका सीधा प्रसारण स्थानीय बाल भवन में किया गया। बाल भवन में अमृत हरित महा अभियान पर केन्द्रित कार्यशाला के सीधे प्रसारण के दौरान अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिकरवार सहित निगम के पार्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ही पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ला ने कहा है कि बढ़ती आबादी के दबाव के कारण शहरों का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि जन भागीदारी से हम शहरों में हरित क्षेत्र को बढ़ायें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पौधरोपण के साथ-साथ हम पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि आगामी बारिश के मौसम के दौरान जिन चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण होना है, वहां व्यापक स्तर पर तैयारी की जाये। श्री शुक्ला ने कहा कि शासकीय भवन परिसर, कॉलेज एवं स्कूल परिसर के आस-पास पौधरोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत भाग समृद्ध हरित क्षेत्र होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से जिन पेड़ों को आस्था के साथ लगाया जाता रहा है, हम उनको स्थानीय परिस्थिति के अनुसार ज्यादा संख्या में लगा सकते हैं। इनमें आम, जामुन, पीपल, नीम इत्यादि हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले नगरीय निकायों को पुरस्कृत किये जाने की भी पहल की जाना चाहिए।

# महापौर डॉ. सिकरवार ने चुंगी क्षतिपूर्ति वृद्धि किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**ग्वालियर।** महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने नगर निगम ग्वालियर को मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति में वृद्धि किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखकर मांग की है। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार के द्वारा लिखे गए पत्र के माध्यम से नगर निगम ग्वालियर को चुंगी क्षतिपूर्ति की दी जाने वाली राशि में वृद्धि की मांग वर्तमान परिस्थितियों में आवश्यकता और औचित्य का उल्लेख करते हुए की गई थी, उक्त प्रेषित पत्र के क्रम में पुनः अनुरोध है कि ग्रामीण क्षेत्र वार्ड क्र. 61 से 66 तक नगर निगम सीमा में सम्मिलित होने से नगर निगम, ग्वालियर का क्षेत्रफल 430 वर्ग किलोमीटर तक विस्तृत हुआ है। वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार जनसंख्या 10.69 लाख थी तथा वर्तमान में लगभग 20 लाख से अधिक जनसंख्या सम्भावित है। नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न विकास कार्य पृथक-पृथक संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे है जैसे स्मार्ट सिटी परियोजना तथा एलिवेटेड रोड आदि विकास कार्य जिसमें रखरखाव, स्वच्छता आदि हेतु मैनपावर व संसाधनों में वृद्धि संभावित है। स्वच्छता मिशन के लिए भी शासन के दिशा-निर्देशों के पालन में सुचारू संचालन हेतु मैनपावर व संसाधनों की वृद्धि आवश्यक है। यूनेस्को द्वारा ग्वालियर शहर को संगीत की नगरी के रूप में मान्यता प्रदान की है। जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यटन नगरी के रूप में विकास एवं सौन्दर्गीकरण की भी आवश्यकता होगी। इन्दौर, भोपाल नगर निगम को क्रमशः 40 करोड़ व 30 करोड़ की चुंगी क्षतिपूर्ति दी जा रही है जबकि ग्वालियर क्षेत्रफल की दृष्टि में तुलनात्मक रूप से बड़ा निकाय है। जिसमें इंदौर का क्षेत्रफल 261.67 वर्ग किमी एवं चुंगी क्षतिपूर्ति राशि 40 करोड, भोपाल क्षेत्रफल 409.70 वर्ग किमी, चुंगी क्षतिपूर्ति राशि 30 करोड, जबलपुर क्षेत्रफल 277.98 वर्ग किमी, चुंगी क्षतिपूर्ति राशि 15 करोड एवं ग्वालियर क्षेत्रफल 430 वर्ग किमी तथा चुंगी क्षतिपूर्ति राशि 15 करोड़ है। उपरोक्त सभी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये हालांकि निगम द्वारा स्वयं के संसाधनों से आय बढ़ाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं तथापि ग्वालियर के विकास, सौन्दर्यीकरण हेतु ग्वालियर को दी जाने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति 15 करोड़ में वृद्धि कर इंदौर नगर निगम को दी जाने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति के तुलनात्मक वृद्धि की जाना उचित होगी। अतः आपसे अनुरोध है कि वर्तमान में स्वीकृत चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि रूपये 15 करोड़ में वृद्धि कर राशि रूपये 60 करोड़ करने का कष्ट करें, ताकि ऐतिहासिक ग्वालियर नगर का विकास, सौन्दर्यीकरण कर वैभव में वृद्धि की जाकर स्वच्छता की रैकिंग में उच्च स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया जा सके।

# गोल पहाडिया क्षेत्र से हटाया अस्थाई अतिक्रमण



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के दिये गए निर्देश पालन में मेहराब सहाब की तलैया, गोल पहाडिया हॉकर्स जोन के बाहर से गोल पहाडिया तिराहा तक मुख्य मार्गो पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेले एव अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही हाथ ठेले एवं सामान इत्यादि जप्त किया गया तथा जप्त हाथ ठेलो एवं सामान को मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड़ कार्यालय पर भिजवाया गया। कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह, श्री श्रीकान्त सेन एवं मदाखलत अमला मौजूद रहा।

# ग्वालियर में 17 व 18 जून को होगा वीरांगना बलिदान मेला का आयोजन

**18 जून को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आगमन भी प्रस्तावित, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा व 'खूब लड़ी मर्दानी' महानाट्य का होगा मंचन, 17 जून को शहीद ज्योति यात्रा व शस्त्र प्रदर्शनी**

**ग्वालियर।** प्रथम स्वतन्त्रता समर की अमर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की शहादत की 167वीं वर्षगांठ पर 17 व 18 जून को ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में दो दिवसीय वीरांगना बलिदान मेला आयोजित होगा। बलिदान मेले में 18 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन भी प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में 18 जून को सायंकाल वीरागना सम्मान, क्रांतिवीर वंशज सम्मान व शहीद परिजन सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके बाद इसी मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा, जिसमें देश के सुप्रतिष्ठित कवि काव्यपाठ करेंगे। बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने झांसी की रानी की समाधि पर सन् 2000 से निरंतर आयोजित होने वाले 26वें आयोजन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 जून को सायं प्रमुख समारोह में रानी के जीवन पर आधारित जीवंत घोड़ा, बग्गी व 200 पात्रों द्वारा ÷खूब लड़ी मर्दानी÷ महानाट्य का मंचन होगा। शहीद श्री मंगल पाण्डे के साथी शहीद दुर्गासिंह (प्रथम) के प्रपोत्र को क्रांतिकारी वंशज सम्मान तथा शौर्य चक्र से सम्मानित चंबल के शहीद श्री विवेक तोमर की धर्मपत्नी को शहीद परिजन सम्मान दिया जायेगा। पूर्व मंत्री श्री पवैया ने बताया कि स्वराज संस्थान ने भारत की प्रख्यात शिक्षाविद् पीठ की सुश्री इंदुमति ताई काटदरे को लक्ष्मीबाई सम्मान मेला के मंच पर प्रदान करने का निर्णय किया है। सम्मान समारोह के विशेष अतिथि प्रदेश के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेन्द्र लोधी व अध्यक्षता दंदरौआ सरकार महामण्डलेश्वर श्री रामदास जी महाराज करेंगे।

**17 की सायं शहीद ज्योति यात्रा व दीपदान**

बलिदान मेले में 17 जून को सायं 6:30 बजे झांसी दुर्ग से आई ÷शहीद ज्योति यात्रा÷ की फूलबाग चौराहे पर भव्य आगवानी की जावेगी व अल्टीमेट वॉरियर राइडर्स क्लब की साहसी महिलाओं की अगुवाई में, सजीव घुड़सवार झांकियों के साथ पैदल शोभा यात्रा के रूप में समाधि तक ले जाया जायेगा तथा ज्योति स्थापित की जायेगी। इस अवसर पर सामाजिक संस्थायें समाधि पर 1008 दीप-दान द्वारा श्रृद्धांजलि समर्पित करेंगी। सायं 7 बजे स्वराज संस्थान व नगर निगम द्वारा सज्जित रानी व तात्या टोपे के मौलिक शस्त्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा।

**अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रमुख कवि करेंगे काव्यपाठ**

बलिदान मेला में 18 जून की सायं 1857 क्रांति मैदान पर ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा जिसमें भारत के प्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे (रायपुर), अरुण जेमिनी (दिल्ली), विनीत चौहान (अलवर), लाफ्टर फेम सुरेश अलबेला (कोटा), भुवन मोहिनी (इन्दौर), योगेन्द्र शर्मा (भीलवाड़ा), शशिकान्त यादव (देवास), गौरव चौहान (इटावा) व दिनेश देशी घी (शाजापुर) काव्य पाठ करेंगे।

**14 जून की सायं भूमिपूजन**

बलिदान मेला का भूमिपूजन 14 जून को सायं 5:25 बजे प्रमुख संतों के सानिध्य में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर की उपस्थिति में होगा।

# मानसून आने के संकेत मिले, लेकिन नगर निगम नहीं करवा रहा नाले नालियों की सफाई।

**मुरैना,कांस।** नगर निगम का भी अजब खेल है द्य एक सैकड़ा से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी रखे हुए हैं, लेकिन फिर भी सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है द्य मौसम विभाग द्वारा मानसून आने के संकेत दे दिए गए हैं, लेकिन मानसून आने से पूर्व शहर में होने वाली नाले नालियों की सफाई का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है द्य शहर की तमाम बस्तियां एवं मुख्य मार्ग पर कई नजारे देखने को मिलेंगे, जहां जल भराव की स्थिति बनी हुई है द्य वैसे भी बारिश के मौसम में देखा गया है कि घंटे भर की बारिश के बाद पूरा शहर जलमग्न हो जाता है और यह स्थिति कई दशक से चली आ रही है, लेकिन नगर निगम के पास कोई ठोस विकल्प नहीं है, जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम को तमाम तरह के टैक्स शहर की जनता चुका रही है, इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी आम जनता को सुविधा प्रदान करने में नाकामयाब साबित हो रहे हैं और तो और आमजन छोटे-छोटे कार्यों के लिए नगर निगम दफ्तर जाते हैं तो अलग से भेंट पूजा मांगी जाती है द्य मतलब टैक्स देने के बावजूद भी जनता का शोषण चारों तरफ से किया जा रहा है द्य जब मुरैना नगर पालिका परिषद थी, तब से हर वर्ष बारिश आने से पूर्व नाले नालियों की सफाई का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जाता था, जिससे जल भराव की स्थिति से निपटा जा सके, लेकिन वर्तमान में नगर निगम मुरैना के पास बजट की कोई कमी नहीं, उसके बावजूद बरसात से पूर्व नाला नाली का सफाई अभियान आरंभ नहीं हुआ है द्य शहर के कई इलाकों एवं मुख्य मार्गों पर जाम पड़े नाले नालियों के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है, लेकिन अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं है। आगामी बरसात के दिनों में स्थिति काफी भयानक हो सकती है।

**महापौर जनसुनवाई का पीट रही ढोल, शहर पर नहीं है ध्यान**

नगर निगम की महापौर ने अखबारों की सुर्खियां बटोरने के लिए पिछले 2 सप्ताह पूर्व जनता दरबार लगाने की घोषणा की और इस दौरान जनता के कुछ लोग अपनी फरियाद लेकर उनके पास पहुंचे, लेकिन समस्याओं का क्या हुआ, इसका कोई लेखा-जोखा महापौर मीडिया को नहीं बता पाई हैं द्य महापौर द्वारा जनसुनवाई का ढोल तो जोरों से पीटा जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि शहर की सफाई व्यवस्था के अलावा दफ्तरों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने में वह विफल साबित हो रही है द्य नगर निगम की विभिन्न शाखों में छोटे-छोटे कार्यों के लिए आने वाले आम नागरिकों से अधिकारी कर्मचारी रूखा व्यवहार अपनाते हैं और कागजों में कमी बताकर भेंट पूजा के लिए इशारा करते नजर आते हैं द्य नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए महापौर द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

**ग्राम पंचायत के सचिवों को नगर निगम में दे दी जिम्मेदारियां, नहीं हो रहा कोई काम**

सूत्रों के अनुसार जब नगर पालिका मुरैना को नगर निगम में तब्दील किया गया,तब मुख्यालय से जुड़ी 12 ग्राम पंचायत को इसमें शामिल कर लिया गया द्य इसके बाद ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिवों को कलेक्टर द्वारा नगर निगम में पदस्थित कर दिया गया द्य नगर निगम के आयुक्त द्वारा उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर बैठा दिया गया है, लेकिन नगर निगम के कार्यों का अनुभव न होने के कारण शहर में कहीं कोई काम उनके द्वारा नहीं कराया जा रहा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है द्य लोगों का मानना है कि नगर निगम में पूर्व से बैठे राजस्व अधिकारियों को इनके ऊपर बैठाकर कार्य लिया जाए तो कार्यों की कुछ स्थिति सुधर सकती है द्य अभी तो जो सेक्रेटरी कार्य कर रहे हैं उसमें वह मनमानी एवं लापरवाही बरत रहे हैं।

**कांग्रेस पार्षदों के साथ किया जा रहा भेदभाव, नहीं हो रहा वार्डों में कार्य : कंसाना**

नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना ने बताया कि शहर की समस्याओं के संबंध में जब भी वह अधिकारियों से सवाल-जवाब करते हैं, तो कोई जवाब नहीं दिया जाता द्य कांग्रेस पार्षदों को परिषद में कोई महत्व नहीं दिया जा रहा और उनके वार्डों में कोई कार्य नहीं किया जा रहे द्य कांग्रेस पार्षदों द्वारा कार्य संबंधी फाइलें अधिकारियों को दी जा रही हैं, लेकिन उन्हें एक कोने में पटक दिया जाता है द्य कार्य न होने से वार्ड की जनता परेशान है और उनके आक्रोश का सामना पार्षद को करना पड़ता है द्य परिषद में कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक पार्षद हैं, जिससे लगभग आधी आबादी जुड़ी हुई है और कार्य न होने से लोगों में नगर निगम के प्रति आक्रोश बना हुआ है द्य शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त पड़ी हुई है, नगर में कहीं भी कोई कार्य नहीं हो रहा है।

# भारतीय युवा सेना के लिये दो दिवसीय सेमीनार संपन्न

**मुरैना,कांस।** भारतीय वायु सेना ने युवाओं में देश की सेवा भावना जगाने और उन्हें वायु सेना सेवा से जुड़ने प्रेरित करने के लिए 02 दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार संपन्न हुआ। इसी कड़ी में 10 जून को शासकीय आईटीआई मुरैना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वायु सेवा की ओर से सार्जेंट एम.के. विष्ट एवं कारपोरल एस. जाना उपस्थित थे। 11 जून को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मुरैना में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्राचार्य द्वारा स्वागत किया गया। सार्जेंट एम.के. विष्ट ने वायु सेवा की स्थापना, उद्देश्य और कार्य प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वायु सेवा में शामिल होने के कई माध्यम है। सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने कार्यक्रम में गहरी रूचि दिखाई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि हम नौकरी नहीं, देश सेवा करते है। आप भी इस सेवा से सीधे जुड़ सकते है। उन्होंने वायु सेवा में जाने के लिए जरुरी शैक्षणिक योग्यताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु बनना आसान तरीका है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य श्री गजराज सिंह सोलंकी उपस्थित थे।

# उर्दू पाण्डुलिपियाँ 9 जुलाई तक आमंत्रित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू साहित्यकारों एवं शायरों से वर्ष 2025-26 के लिए उनकी पाण्डुलिपियों के प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पाण्डुलिपियां सहित आवेदन 9 जुलाई तक आमंत्रित किये गये है। पाण्डुलिपियां म.प्र. उर्दू अकादमी, मुल्ला समूजी भवन भोपाल में कार्यालीन समय में प्राप्त की जा सकेंगी। आवेदकों के पाण्डुलिपि के साथ मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। ऐसे आवेदनों पर नहीं विचार किया जाएगा जिन्होंने विगत दस वर्षों में आर्थिक सहायता प्राप्त न की हो। पुस्तक प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता देने हेतु बनाई गई कमेटी का निर्णय ही अंतिम होगा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से **खुली निविदा** आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0-सी-2025-98

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़न - कंस्ट्रक्शन ऑफ़ यार्ड ड्रेनस इन वेरियस यार्ड इन बीना - झाँसी सेक्शन अंडर एडीईएन ललितपुर सब डिवीज़न एंड वेरियस यार्ड इन परौना - कानपुर सेक्शन अंडर एडीईएन कानपुर सब डिवीज़न ।

**अनुमानित लागत रू :** 39186835.25 | **अमानत राशि :** 345900.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 10/07/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

● निविदा दिनांक **10.07.2025** को **15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1019/25 (AS)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु ऑनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** डिप्टी सी0ई0-झाँसी डब्लू-77

**कार्य का नाम:** (अ) आरसीएनके झांसी - आरसीएनके झांसी में बुनियादी सुविधाओं में सुधार। (ब) आरसीएनके/जेएचएस में सबस्टेशन बिल्डिंग (425 वर्ग मीटर) और महिला चेंजिंग रूम के लिए शेड का प्रावधान।

**अनुमानित लागत (रुपये):** 68894842.64 (छह करोड़ अट्ठासी लाख चौरानबे हजार आठ सौ बयालीस रुपये और चौसठ पैसे।

**अमानत राशि (रुपये):** 494500/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रुपये:** कुछ नहीं

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 10.07.2025, 15:00 बजे, स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह, पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। **1026/25 (ADM)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः झांसी/एच/एस 2/एल.पी./मेड/स्टोर/2025-26/1 दिनांक : 12.06.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर मध्य रेलवे/झांसी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या **2017/H/4/1/LOCAL PURCHASE (E-3236402)** दिनांक **31.07.2023** के अनुसार, मंडल रेलवे अस्पताल झांसी के लिए दैनिक स्थानीय खरीद के लिए दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और उपभोग्य सामग्रियों की खुदरा आपूर्ति के लिए पैनल/पंजीकरण के लिए पात्र फर्मों से आवेदन आमंत्रित करते हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निम्न लिखित निर्धारित कार्यों के लिए ई-निविदाए निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **01.07.2025** को समय प्रातः **12:00 PM** तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आईआरईपीएस पर ई-टेंडर के माध्यम से होगी।

**निविदा संख्याः** जेएचएस-2025-रिटेल-एल पी 11 (JHS-2025-RETAIL-LP11), **कार्य का नामः** मण्डल रेल चिकित्सालय झांसी में दिन प्रतिदिन के आधार पर औषधियों, सर्जिकल सामग्री, लैब रीजेंट एवं एक्स रे फिल्म इत्यादि की आपूर्ती हेतु।

**अनुमानित राशि :** ₹ 2 करोड़ 29 लाख 32 हजार (1 करोड़ 14 लाख 66 हजार प्रति वर्ष)

**कार्य समापन की अवधिः** 24 माह

**निविदा बंद की तिथिः** 01.07.2025 को समय 12:00 pm

**नोटः** (1) उपरोक्त सभी ई-निविदाए का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) दिनांक **12.06.2025** से वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर टेन्डर खुलने की तिथि **01.07.2025 को समय प्रातः 12:00** *pm* तक उपलब्ध है। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जाएगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों/बिडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आईटी अधिनियम 2000 के तहत सीसीए द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाईट पर खुद को पंजीकृत कराना आवश्यक है। **(3)** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेल वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in** और **http://www.tenders.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **(4)** ई-निविदा हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर राशि ई-भुगतान/नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जाएगी। **(5)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए IREPS वेबसाईट की हेल्प लाइन से संपर्क किया जा सकता है। **(6)** ऑनलाइन निविदा, निविदादाताओं द्वारा निविदा खुलने के तिथि **01.07.2025 को समय प्रातः 12:00** *pm* बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(7)** फर्म इंडेंटेड वस्तुओं की आपूर्ति क्रेडिट आधार पर करेगी। **(8)** सभी दस्तावेज़ मालिक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित/सत्यापित होने चाहिए। **1030/25 (MG)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## संपादकीय

# छात्रों की खुदकुशी

उच्चतम न्यायालय ने डांटने के बाद छात्र के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी को बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा इस तरह की डांट-फटकार कम-से-कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं। आरोपी के अनुसार, यह डांट-फटकार अभिभावक के रूप में थी, ताकि छात्र गलती दोबारा न दोहराए। दोनों के दरम्यान कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, छात्रों की आत्महत्या के मामलों में तेजी आती जा रही है। 2024 में लांच की गई रिपोर्ट, छात्र आत्महत्याएं: भारत में फैली महामारी के अनुसार छात्रों में आत्महत्या के मामलों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि देखी गई है, जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी है। पिछले दशक में 0-24 वर्ष के छात्रों की खुदकुशी की संख्या बढ़कर साढ़े तेरह हजार तक हो गई है। बीते हफ्ते ही सबसे बड़ी अदालत ने राजस्थान सरकार को कोटा में बढ़ती जा रही छात्रों की आत्महत्याओं पर न सिर्फ फटकार लगाई है बल्कि जांच करने को भी कहा है। नई पौध का जीवन बेशकीमती होता है। बावजूद इसके कि सारी दुनिया में तनाव, अवसाद व चिंता के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिनकी चपेट में आने से कोई वर्ग बचा नहीं है। छात्रों पर पढ़ाई का अत्यधिक बोझ तो है ही। उन पर शिक्षास्थल के वातावरण, प्रतिस्पर्धा, रिहायश, खान-पान का भी काफी दबाव बढ़ता जा रहा है। कई मर्तबा वे अपने गृहनगर व परिवार से दूरियों से भी जूझ रहे होते हैं। जरूरी नहीं कि हर मामले में शिक्षक या संबंधित शख्स की मंशा स्पष्ट हो। बेशक यह साक्ष्यों पर निर्भर करता है, परंतु किशोरावस्था में स्वाभिमान पर लगने वाली ठेस भी कभी-कभी जानलेवा हो सकती है। जरूरी है कि किशोरवय में उचित काउंसलिंग और मनोविश्लेषकों की मदद की सुविधा अनिवार्य की जाए। बच्चों को नियम-कायदों में रहना चाहिए मगर प्रबंधन व शिक्षकों को भी उनके बेशकीमती जीवन व स्वाभिमान का ख्याल रखना सीखना चाहिए।

# विमान हादसे के बाद सुरक्षा प्रणाली पर उठते सवाल

( नरेंद्र शर्मा परवाना-विभूति फीचर्स)



हवाई यात्रा, आधुनिक युग की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक, ने दूरी को कम कर दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। लेकिन जब यही तकनीक जीवन का अंत बन जाए, तो यह न केवल एक त्रासदी होती है, बल्कि हमारी प्रणालियों की कमियों को भी उजागर करती है। हाल ही में गुजरात में हुआ चार्टर्ड विमान हादसा इस बात का दुखद उदाहरण है। इस हादसे ने न केवल कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई, बल्कि विमानन सुरक्षा और प्रणालियों पर गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। इस हृदय विदारक दुर्घटना के बाद इसके कारणों, प्रभावों और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा करना भी आवश्यक है ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**हादसा और इसके संभावित कारण**

प्राथमिक जांच के अनुसार, यह हादसा उड़ान के दौरान इंजन फेल होने या नेविगेशन सिस्टम की विफलता के कारण हुआ। हालांकि मृत्यु संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। विश्व स्तर पर देखें तो विमानन इतिहास में 33,000 से अधिक हवाई दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 1.2 लाख से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत में 1945 के बाद से 300 से अधिक बड़े और छोटे हवाई हादसे हुए हैं, जिनमें लगभग 2,000 लोगों की मृत्यु हुई है। गुजरात में ही अहमदाबाद के पास 1988 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट IC-113 के दुर्घटनाग्रस्त होने से 113 लोगों की मौत हुई थी, जो तकनीकी खराबी और कम दृश्यता के कारण हुआ था।

**हादसों के प्रमुख कारण**

1. *तकनीकी खराबी*: इंजन फेल होना, सेंसर या हाइड्रोलिक सिस्टम की खराबी, या नेविगेशन उपकरणों का काम न करना। उदाहरण के लिए, इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (ICAO) के अनुसार, 20 प्रतिशत टेकऑफ दुर्घटनाएं तकनीकी खराबी के कारण होती हैं।
2. *मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां* खराब मौसम, जैसे घना कोहरा या तेज हवाएं, विमान की स्थिरता को प्रभावित कर सकती हैं।
3. *पायलट की गलती* ICAO के आंकड़ों के अनुसार, 65 प्रतिशत टेकऑफ दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं, जैसे गलत गति आकलन या रनवे की गलत स्थिति।
4. *रखरखाव में लापरवाही* समय पर सर्विसिंग न होना या पुराने उपकरणों का उपयोग।
5. *एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ज्ञष्ट) की त्रुटियां* गलत दिशानिर्देश या संचार में देरी।

**हादसे के सामाजिक और मानविक प्रभाव**

हर हवाई दुर्घटना केवल आंकड़ों की कहानी नहीं होती, बल्कि यह उन परिवारों की जिंदगियों को हमेशा के लिए बदल देती है जो अपने प्रियजनों को खो देते हैं। वलसाड हादसे में मृतकों की सटीक संख्या की पुष्टि भले ही न हुई हो, लेकिन यह निश्चित है कि इसने कई परिवारों को गहरे दुख में डुबो दिया है। एक मां का अपने बच्चे को खोना, एक बच्चे का अपने माता-पिता को खोना–ये ऐसी त्रासदियां हैं जिनका दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ऐसे हादसों के बाद सरकारी सहायता और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं, लेकिन ये अक्सर अपर्याप्त साबित होती हैं। पीड़ित परिवारों को न केवल आर्थिक सहायता चाहिए, बल्कि मनोवैज्ञानिक समर्थन, बच्चों की शिक्षा और आश्रितों के लिए रोजगार जैसी दीर्घकालिक व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। इसके अलावा, हादसों के बाद स्थानीय समुदायों पर भी प्रभाव पड़ता है। हादसा रिहायशी इलाके के पास होने से, स्थानीय लोगों को भी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**क्या सरकार और कंपनियां सीख ले रही हैं?**

वर्तमान हादसा हमें बार-बार यह सवाल पूछने को मजबूर करता है कि क्या हम इन त्रासदियों से सबक ले रहे हैं? भारत में विमानन सुरक्षा के लिए कई उपाय किए गए हैं, लेकिन बार-बार होने वाले हादसे बताते हैं कि कहीं न कहीं कमी बनी हुई है।

*सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय की जिम्मेदारियां*:

- *सुरक्षा मानकों की समीक्षा*: विमानों की नियमित तकनीकी जांच और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना।
- *पायलट प्रशिक्षण*: पायलटों के लिए नियमित रिफ्रेशर कोर्स और सिमुलेशन प्रशिक्षण, ताकि आपात स्थिति में वे सही निर्णय ले सकें।
- *स्वतंत्र जांच*: हर हादसे की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच, जिसके निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाएं।

## शब्द सामर्थ्य -078

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 077 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.078

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 077 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

### सुभाष चंद्र बोस से रूपाणी तक

# विमान हादसों में कई राजनेताओं को खो चुका है देश

(पवन वर्मा-विनायक फीचर्स)



गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने लोगों को अंतस तक झकझोर दिया है। ऐसा भीषण हादसा और उसके वीडियो देखकर लोग कराह उठे। इस विमान हादसे में 268 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस हादसे में काल के गाल में समां गए। यह पहला मौका नहीं है जब देश ने विमान हादसे में किसी नेता को खोया हो, इससे पहले भी देश के कई नेता विमान हादसों में समय से पहले इस दुनिया को अलविदा कहते हुए अनंत यात्रा पर चले गए। इनमें अब विजय रूपाणी का नाम भी जुड़ गया है। रुपाणी पहली बार 2016 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने, इसके बाद चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनी और वे फिर से मुख्यमंत्री बनाए गए। विजय रुपाणी 2021 तक मुख्यमंत्री रहे थे। करीब 60 साल पहले भी गुजरात ने विमान हादसे में अपना एक वरिष्ठ नेता खो दिया था। वर्ष 1965 में हुई एक विमान दुर्घटना में गुजरात राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री बलवंत राय मेहता का निधन हो गया था। बलवंत राय मेहता के असमय गुजर जाने के करीब आठ साल बाद फिर एक नेता को विमान दुर्घटना लील गई। दिल्ली के पास हुए हादसे में एस. मोहन कुमार मंगलम की मौत हो गई थी। यह हादसा 31 मई 1973 में हुआ था। मंगलम पूर्व सांसद और मंत्री थे।

**संजय गांधी की हवाई हादसे में मारे गए थे**

संजय गांधी भी ऐसे ही हादसे में मारे गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र और कांग्रेस के कद्दावर नेता संजय गांधी के विमान का हादसा दिल्ली के पास हुआ था। यह घटना 23 जून 1980 की है। संजय गांधी ग्लाइडर में करतब दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे और उनकी मौत हो गई । पंजाब के पूर्व राज्यपाल सुरेंद्र नाथ की भी मौत विमान हादसे में हुई थी। हादसा इतना दर्दनाक था कि उनके परिवार के 9 लोग भी इसमें असमय मौत के मुंह में चले गए थे। यह हादसा हिमाचल में 9 जुलाई 1994 को हुआ था। इसके बाद ऐसे ही एक हादसे में पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एनवीएन सोमू की मौत हुई थी। यह घटना 14 नवंबर 1997 की है। यह हादसा तवांग के पास हुआ था। मई 2001 में अरुणाचल प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डेरा नाटुंग की भी विमान दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

**माधवराव सिंधिया की भी प्लेन क्रेश में हुई थी मौत**

इसके बाद जिस नेता की विमान हादसे में जान गई, उसने मध्यप्रदेश को झकझोर दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया का मध्य प्रदेश में उस वक्त खासा प्रभाव था, उनका निधन भी हवाई दुर्घटना में हुआ था। सिंधिया के साथ यह हादसा 30 सितंबर 2001 को हुआ था। कानपुर के पास उनका प्लेन क्रेश हो गया था, इसमें उनके साथ सात और लोगों की भी मौत हुई थी।

**बालयोगी का भी ऐसे ही हुआ निधन**

लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जीएमसी बालयोगी को भी हम हैलीकॉप्टर क्रैश में खो चुके हैं। उनका हादसा तीन मार्च 2002 को हुआ था।

## राशिफल

**मेष**: आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज व्यस्तता से भरी दिनचर्या रहेगी, फिर भी आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा लेंगे। आज घर में खास मेहमानों के आने से खुशी भरा माहौल रहेगा। अगर आप किसी उद्देश्य से यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो वह उत्तम रहेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा। निगेटिव थॉट्स को आज दिमाग में न आने दें।

**वृषभ**: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढेगा। आज काम करने के तरीको में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे। आज बिजनेस के कामों में कोई भी फैसला लेते वक्त परिवार वालों की सलाह जरूर लें, आपको उचित समाधान मिलेगा। ऑफिशियल कामकाज में कुछ दिक्कतों के बाद भी सफलता मिलेगी। आज आपके अन्दर एक नयी ऊर्जा का संचार होगा ,सकारात्मक अनुभव प्राप्त होंगें। आज की गई मेहनत का आपको साकारात्मक परिणाम जरुर मिलेगा।

**मिथुन**: आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। आज नया सीखने की चाहत आपके अनुभव को और अधिक बढ़ाएगी। आज कोई भी समस्या होने पर अनुभवी लोगों का सहयोग मिलने से समस्या दूर होगी। आज राजनीतिक व सामाजिक संपर्क सूत्र आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। इस राशि के लोगों को कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। सभी कामों में मन लगेगा,परिवार के साथ घूमने का प्लान बना सकते है। आज आप कोई साहित्यिक बुक पढ़ सकते हैं।

**कर्क**: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आज ऑफिस में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का बेहतरीन समय है। नौकरी कर रहे व्यक्ति अपने उच्चाधिकारियों के साथ अच्छा व्यव्हार करेंगे और समय पर अपने काम को पूरा करें। आपको बिजनेस संबंधी नये लोगों से जुड़ने का मौका मिल सकता है। आपकी कड़ी मेहनत से आपको सक्सेस मिलेगी जिससे आप रिलैक्स फील करेंगे।

**सिंह**: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक खत्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। आज व्यवसाय में भविष्य की कार्य योजनाओं के लिए उचित मंथन करने की जरूरत है। आज व्यवसायिक कामों में सहयोगियों और जीवनसाथी के निर्णय को प्राथमिकता देंगे। आज घर में किसी मांगलिक कार्य संबंधी योजना बनेगी और सुखद माहौल रहेगा। छात्र आज किसी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता दिखाएंगे। आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा, जिससे बेहतर महसूस करेंगें।

**कन्या**: आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशियां लेकर आया है। आज अपनी दिनचर्या को लेकर बनाए गए नियम आपको राहत देंगे तथा कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। आज किसी विशेष पॉलिसी में निवेश निकट भविष्य में फायदेमंद साबित होगा। आज पैतृक संपत्ति से संबंधित मामला आपसी मध्यस्थता से हल हो सकता है। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे,आपको सभी कामों में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिये आपकी मेहनत सफल रहेगी , आपको अच्छा लगेगा।

**तुला**: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज जरुरी काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जायेगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरुरत होगी। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं, काम करने में आसानी होगी। किसी सभा में आपकी उपस्थिति लोगों के लिए फायदेमंद रहेगी।

**वृश्चिक**: आज आपका दिन ठीक - ठाक बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा और शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन, बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे।

**धनु**: आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रखकर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद से आपका काम खराब हो सकता है। परिवारजनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। अचानक कोई शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**मकर**: आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलेगी। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। आप चुनौतियों को एक्सेप्ट करेंगे और क्रिएटिव रहेंगे। इस राशि के विद्यार्थियो की मेहनत रंग लाएगी। आज आप अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं।

**कुंभ**: आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा, अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनायें आयेंगी।

**मीन**: आज आपका दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर काम नियत समय पर पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों के लिए बड़ी सफलता के योग बन रहे हैं। आर्थिक रूप से मजबूती बनी रहेगी। संचार से जुड़ी किसी नयी तकनीक से फायदा जरुर मिलेगा।

# भारत के दस बड़े यात्री विमान हादसे

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विभूति फीचर्स)



समय के साथ अब हवाई यात्रा विलासिता नहीं रही , अब यह आवश्यकता बन चुकी है। भारत में हवाई यात्रा का निरंतर विस्तार भी तेजी से हो रहा है। हवाई यात्रा का इतिहास गौरवशाली रहा है, पर कई दुर्घटनाओं के चलते दर्दनाक भी रहा है। तकनीकी उन्नति और सुरक्षा उपायों के बावजूद कई गंभीर विमान दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें अनेक निर्दोष लोगों की जान गई।

**प्रमुख दस यात्री विमान दुर्घटनाएं इस तरह हैं-**

**1. एयर इंडिया फ्लाइट 855 (1978) : मुंबई के तट पर दुर्घटना**

तारीख: 1 जनवरी 1978
विमान: बोइंग 747
स्थान: मुंबई तट के पास अरब सागर
मृतक: 213 में से सभी यात्री
कारण: पायलट द्वारा गलत दिशा में झुकाव; यंत्रविज्ञान की विफलता

**2. एयर इंडिया फ्लाइट 182 (1985) : कनाडा के पास विस्फोट**

तारीख: 23 जून 1985
विमान: बोइंग 747-237क्ष
स्थान: आयरलैंड के तट के पास अटलांटिक महासागर
मृतक: 329
कारण: बम विस्फोट (आतंकी हमला), खालिस्तानी आतंकियों की भूमिका

**विशेष: यह अब तक की भारत की सबसे बड़ी विमान त्रासदी मानी जाती है।**

3. इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 605 (1990) : बेंगलुरु में क्रैश लैंडिंग

तारीख: 14 फरवरी 1990
विमान: एअर बस ए-320
स्थान: बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास
मृतक: 92
कारण: पायलट की त्रुटि; विमान रनवे से पहले ही उतर गया

**4. इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 (1993) :औरंगाबाद में हादसा**

तारीख: 26 अप्रैल 1993
विमान: बोइंग 737
स्थान: औरंगाबाद एयरपोर्ट
मृतक: 55
कारण: टेक-ऑफ के दौरान ट्रक से टकराव

**5. एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 (2010) : मेंगलुरु में रनवे से फिसला**

तारीख: 22 मई 2010
विमान: बोइंग 737-800
स्थान: मेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा
मृतक: 158
कारण: रनवे से आगे निकल जाना, पायलट की ग़लती



विशेष: यह विमान दुबई से लौट रहा था, और मेंगलुरु का टेबलटॉप रनवे हादसे का बड़ा कारण बना।

**6. इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 113 (1988) : अहमदाबाद में क्रैश**

तारीख: 19 अक्टूबर 1988
विमान: बोइंग 737
स्थान: अहमदाबाद
मृतक: 130
कारण: खराब मौसम और पायलट की लैंडिंग में चूक

**7. एयर इंडिया फ्लाइट 403 (1982) ङ्क बॉम्बे में क्रैश**

तारीख: 21 जून 1982
विमान: बोइंग 707
स्थान: बॉम्बे (अब मुंबई)
मृतक: 17
कारण: रनवे पर उतरते समय आग लगना

**8. इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 257 (1991) : मणिपुर में पहाड़ी से टकराया**

तारीख: 16 अगस्त 1991
विमान: बोइंग 737
स्थान: इम्फाल, मणिपुर
मृतक: 69
कारण: खराब मौसम में दिशा भ्रम और पायलट की त्रुटि

9. एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 1344 (2020) ङ्क कोझिकोड रनवे हादसा

तारीख: 7 अगस्त 2020
विमान: Boeing 737-800
स्थान: कोझिकोड (कालीकट) हवाई अड्डा
मृतक: 21
कारण: भारी बारिश में टेबलटॉप रनवे से फिसलना

**10. इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 814 हाईजैक (1999) कान्धार कांड**

तारीख: 24 दिसंबर 1999
विमान: एअर बस ए-300
स्थान: नेपाल से दिल्ली, हाईजैक कर अफगानिस्तान ले जाया गया
मृतक: 1 (यात्रा के दौरान एक यात्री की हत्या)
**कारण: आतंकियों द्वारा हाईजैक**

विशेष: भारत सरकार को तीन आतंकियों को रिहा करना पड़ा, इस घटना ने सुरक्षा ढांचे पर बड़ा सवाल खड़ा किया। भारत में हुए ये विमान हादसे न सिर्फ तकनीकी और मानवीय चूक की भयावह कीमत दर्शाते हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि सुरक्षा उपायों को लगातार सुदृढ़ करना कितना आवश्यक है।

हर हादसे से एक सबक मिला। चाहे वह एटीसी की भूमिका हो, रनवे डिज़ाइन या मौसम की जानकारी की विश्वसनीयता। हवाई यात्रा की सुरक्षा में सुधार अवश्य हुआ है, परंतु अतीत की इन घटनाओं की स्मृति आज भी पीड़ा दायक है।अहमदाबाद का यह नया हादसा विमान यात्रा को और सुरक्षित बनाने के लिए संबंधित एजेंसियों को और गंभीर कार्य करने हेतु सबक दे रहा है।

# फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ए.पी.सी. बैठक की तैयारियों की समीक्षा की



**रीवा,कासं.।** आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली संभागीय समीक्षा बैठक से पूर्व कलेक्टर ने तैयारी बैठक में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में दलहनी एवं तिलहनी फसल का रकबा बढ़ाने के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जाय। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। किसानों को धान के उत्पादन से हटकर दलहन व तिलहन फसलों के उत्पादन के लिये प्रेरित करें। दलहन व तिलहन बीज किसानों तक पहुंचायें। कृषि के अतिरिक्त किसानों को उद्यानिकी एवं पशुपालन के साथ मत्स्यपालन की गतिविधियों से जोड़े ताकि कृषि लाभ का धंधा बन सके। उन्होंने बीज समितियों के लायसेंस प्राप्त होने तथा डबल लाक केन्द्रों के आधुनिकरण के तहत चोरहटा, जवा व मऊगंज में बनाये गये केन्द्रों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने पीओएस प्रविष्टि के आधार पर उर्वरक का आवंटन किये जाने तथा कालाबाजारी व अवैध भण्डारण का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने ई मंडी योजनान्तर्गत कृषकों को फसल विक्री की सुविधा व भुगतान की भी जानकारी प्राप्त की। तैयारी बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि किये जाने तथा बढ़े रकबे की गिरदावरी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत किसानों का ई पंजीयन भी करायें। बैठक में पशु पालकों व मत्स्यपालकों के केसीसी बनाने तथा मत्स्य समितियों के बैंक खाते खोले जाने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने सहकारी बैंक की ऋण वसूली बढ़ाने तथा जमा राशि बढ़ाये जाने के निर्देश सहकारी बैंक के प्रतिनिधि को दिये। उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारी को निर्देशित किया कि मंडियों के बैंक खाते सहकारी बैंक में ही रहें यह सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार हो रहे जल संरक्षण के कार्य



**रीवा,कासं.।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षाजल को सहेजने के लिए जल संरक्षण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मढ़ी में रामायण त्रिपाठी द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसी गांव में चेकडैम निर्माण का सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने निरीक्षण किया। अभियान के तहत धीरेन्द्र पटेल द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। मढ़ी में ही सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने चंदेरहा तालाब के गहरीकरण और मेड़ सुधार के कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत पलिया 351 में अभियान के तहत सतीश तिवारी तथा बीएस तिवारी द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम देवगांव में दयाभाई पटेल भी जल संरक्षण के लिए खेत तालाब का निर्माण कर रहे हैं। मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत सरई सेंगर में पंचायत द्वारा दो ट्यूबवेलों में रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा ने रिचार्ज पिट के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। अभियान के तहत पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजनाओं की पाइपलाइनों में सुधार का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने विभागीय अमले तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्राम पंचायत टीकर में पाइपलाइन में सुधार करके पानी की आपूर्ति शुरू कराई। विकासखण्ड सिरमौर में ग्राम पड़री में नया बोरवेल कराकर पानी की आपूर्ति शुरू की गई। रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रहट में पाइपलाइन में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई गई। अभियान के तहत मऊगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सगरा, पटपरा, पलिया त्रिवेणी सिंह तथा देवतालाब में बनाए जा रहे खेत तालाब निर्माण का जनपद के सीईओ तथा सहायक यंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत रौरा और नवागांव में भी खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। सभी निर्माण कार्य एक सप्ताह में पूरे कर लिए जाएंगे। ग्राम पंचायत अतरैला में भी खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसका परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी, सहायक यंत्री नमिता तथा उपयंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। इन अधिकारियों ने ग्राम पंचायत घटेहा में बनाए जा रहे अमृत सरोवरों का भी निरीक्षण किया।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 से 30 जून तक

**रीवा,कासं।** जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के तहत जनजाति बहुल ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मौके पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना तथा जनधन योजना के आवेदन प्राप्त करके हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों के निश्शुल्क जाँच की भी व्यवस्था की जाएगी। अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग सहित सभी विभागों में समन्वय से हर पात्र हितग्राही को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शिविरों का स्थान निर्धारित करके समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

## बीड़ी तथा खदान मजदूरों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा,कासं.।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा पंजीकृत बीड़ी मजदूरों तथा खदान मजदूरों के बच्चों को शिक्षा सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो जून से प्रारंभ हो गई है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं। दर्ज आवेदनों में से प्री मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 सितम्बर तथा पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 नवम्बर तक किया जाएगा। इन सभी आवेदन पत्रों के दूसरे चरण का सत्यापन के लिए प्री मैट्रिक आवेदनों में 30 सितम्बर एवं पोस्ट मैट्रिक आवेदनों में 30 नवम्बर की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इस संबंध में उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन जबलपुर ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि से पहले नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना है। यदि कोई बीड़ी एवं खदान श्रमिक के बच्चे अल्पसंख्यक श्रेणी अथवा अन्य किसी विभाग से उच्चतम छात्रवृत्ति पाने की पात्रता रखते हैं तो वे उसी श्रेणी की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें। उन्हें केवल एक श्रेणी की ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा।

# संभागीय अधिकारियों ने जल संरक्षण कार्यों का लिया जायजा



**रीवा,कासं.।** रीवा संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण तथा संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। इन दलों द्वारा लगातार जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। दल के सदस्यों ने सतना जिले के जनपद पंचायत रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत छिबौरा में खेत तालाब निर्माण, कुएं में रिचार्ज पिट निर्माण तथा सोकपिट निर्माण का जायजा लिया। एक अन्य दल ने रीवा जिले के ग्राम रीठी और जिउला ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभाई। दल के सदस्यों द्वारा इन गांवों में बनाए जा रहे चार खेत तालाबों तथा जल संरक्षण के अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। इन दलों में अधीक्षण यंत्री ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, महाप्रबंधक ग्रामीण विकास अभिकरण एसके मिश्रा, सहायक संचालक खनिज बसंतराम, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। दल के सदस्यों ने सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक 16 जून को

**रीवा,कासं.।** जिला चिकित्सालय रीवा में गठित जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक 16 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है।

## घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. शुक्ला

**रीवा।** जिले में एक सप्ताह से तेज धूप होने से सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें।

खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर इजरायली हमले के बाद सेंसेक्स ने लगाया गोता, निफ्टी भी लुढ़का

**मुंबई,ए.।** ईरान पर इजराइल के हमले के शेयर मार्केट में गिरावट दिखी है. बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स 850 अंक नीचे रहा. वहीं निफ्टी भी गिरकर 24,650 अंक तक चला गया. वहीं भारत वीआईएक्स के शेयरों में तगड़ा उछाल आया. इसमें 10 फीसदी की तेजी देखी गई. आज के मार्केट पर नजर दौड़ाएं तो सुबह 9:25 बजे सेंसेक्स 925.51 अंक नीचे था. यह 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,766.47 पर था. वहीं निफ्टी 284.55 अंक नीचे यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,603.65 पर था. इजरायल-ईरान युद्ध के चलते पब्लिक सेक्टर के बैंक, स्मॉलकैप 100 और निफ्टी ऑटो में भारी गिरावट दर्ज की गई. एकतरफ पीएसयू बैंको में 1.60 प्रतिशत की गिरावट रही. स्मॉलकैप 100 के स्टॉक्स में 1.53 फीसदी की गिरावट और निफ्टी ऑटो सेक्टर में शेयर के भाव 1.49 प्रतिशत लुढ़क गए. 13 जून शुक्रवार को बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स तेजी से नीचे खुले. इस तरह से लगातार दूसरे सत्र में गिरावट बनी रही. शेयर बाजार मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव की वजह से नीचे खुला. इसकी वजह से निवेशकों में भारी बेचैनी देखी गई. ईरान की राजधानी तेहरान पर सुबह-सुबह इजरायली हमले ने व्यापक संघर्ष को बढ़ा दिया है. इसका असर ग्लोबल शेयरों के साथ ही भारतीय बाजारों पर पड़ा. इस उथल-पुथल से घरेलू इक्विटी पर भारी असर पड़ा. ईरान की राजधानी तेहरान पर इजरायली हमले का असर ये हुआ कि कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई. इस तरह से सप्ताह में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई. इस तरह से देखा जाए तो ये 2022 के बाद से उनका सबसे बड़ा साप्ताहिक लाभ है. यह उछाल मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव की वजह से आया है. गौर करें तो इससे पहले जेपी मॉर्गन ने सप्ताह की शुरुआत में वॉर्निंग दी थी कि सबसे खराब स्थिति में तेल 130 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकता है. आज के मार्केट पर नजर दौड़ाएं तो सुबह करीब 9:25 बजे सेंसेक्स 925.51 अंक या 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,766.47 पर था. वहीं निफ्टी 284.55 अंक नीचे 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,603.65 पर था. इस तरह से करीब 434 शेयरों में तेजी देखी गई. 2308 शेयरों में गिरावट रही. इसके अलावा 104 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ.

### राहत भरी खबर...6 साल बाद निचले स्तर पर आई खुदरा महंगाई दर

**नई दिल्ली,ए.।** भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई मई 2025 में अप्रैल में 3.16 फीसदी से घटकर 2.82 फीसदी हो गई, जो फरवरी 2019 के बाद से सबसे कम महंगाई है. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने आंकड़ों को जारी किया है. खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से सब्जियों और दालों की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट के बीच यह नरमी आई है. और भारतीय परिवारों के लिए जीवन-यापन की लागत में कमी आने का संकेत है. महंगाई दर में अप्रत्याशित गिरावट आई है, जो महीने-दर-महीने 34 आधार अंक मुख्य रूप से खाद्य मुद्रास्फीति के कारण है, जो अक्टूबर 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर, केवल 0.99 फीसदी पर आ गई. मुख्य खाद्य पदार्थों में, सब्जियों की कीमतों में साल-दर-साल 13.70 फीसदी की गिरावट आई, जबकि दालों में 8.22 फीसदी की गिरावट आई, और अनाज की कीमतों में भी कमी आई. फ्यूल और प्रकाश श्रेणी में महंगाई में कमी आई और यह 2.78 फीसदी पर आ गई, जिससे ऊर्जा लागत में गिरावट का रुझान जारी रहा. आवास महंगाई थोड़ी बढ़कर 3.16 फीसदी हो गई, लेकिन शिक्षा (4.12 फीसदी), स्वास्थ्य सेवा (4.34 फीसदी) और परिवहन (3.85 फीसदी) स्थिर रहे, जिससे आवश्यक सेवा क्षेत्रों में दबाव जारी रहा. हालांकि, खाद्य और ऊर्जा में तेज गिरावट के कारण समग्र सीपीआई में उनका योगदान सीमित रहा. मई में घटकर 2.59 फीसदी रह गई, जो अप्रैल में 2.92 फीसदी थी, जबकि शहरी महंगाई घटकर 3.07 फीसदी रह गई, जो 3.36 फीसदी थी।

# एफआईएच प्रो लीग में भारतीय हॉकी टीम की लगातार चौथी हार, अर्जेंटीना ने 2-1 से हराया



**नई दिल्ली,ए.।** भारत को मौजूदा एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा, जब अर्जेंटीना के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में उसे 1-2 से हार झेलनी पड़ी. भारत को पेनल्टी के रूप में स्कोर बराबर करने की उम्मीद मिली. हालांकि, गोल को अस्वीकार कर दिया गया और जुगराज सिंह के पास एक और मौका था, लेकिन वह चूक गए. पेनल्टी कॉर्नर के जरिए टॉमस डोमेने के दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने दो दिनों में दो जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या 18 पर पहुंचा दी. हार्दिक सिंह ने खेल शुरू होने के सिर्फ 4 मिनट बाद ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत को बढ़त दिला दी. हालांकि, डोमेने ने अपने पेनल्टी कॉर्नर पर निशाना साधा और दोनों मौकों को गोल में बदल दिया. भारत के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को पहले 10 मिनट में तीन बार एक्शन में लाया गया, जबकि अर्जेंटीना की टीम ने तीसरे प्रयास में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया. अर्जेंटीना ने अपने खेल में अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बेहतर बॉल पोजेशन के साथ भारत पर दबाव बनाया। भारत दूसरे क्वार्टर में आक्रामक था और उसने अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो को कई बार चुनौती दी. तीसरा क्वार्टर भी दूसरे क्वार्टर की तरह गोल रहित रहा और दोनों टीमों ने सतर्कता बरती. चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई, लेकिन डोमेने ने अर्जेंटीना के लिए पीसी को गोल में बदल दिया और यह निर्णायक साबित हुआ। हार के साथ, भारत अंक तालिका में इंग्लैंड और बेल्जियम से नीचे 5वें स्थान पर खिसक गया. अर्जेंटीना रैंकिंग में दो पायदान ऊपर उठकर प्वाइंट्स में दूसरे स्थान पर पहुंच गया. भारत अब 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेगा, जो अंक तालिका के निचले आधे हिस्से में है ।

## इंग्लैंड सीरीज से पहले भारत को लगा बड़ा झटका, टीम इंडिया को छोड़कर वापस लौटे गौतम गंभीर

**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौट आए हैं. उनके भारत आने की वजह पारिवारिक कारण बनाए जा रहे हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो गंभीर की मां को हार्ट अटैक आया जिसके चलते उन्हें शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड में ही छोड़कर वापस आना पड़ा है. भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाजा होने वाला है. उससे पहले ये भारतीय क्रिकेट टीम की तैयारियों को बड़ा झटका है. रिपोट्स के अनुसार, गौतम गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ा है और वो अस्पताल में भर्ती हैं. दिल्ली में आईसीयू में उनका उपचार किया जा रहा है. अभी गंभीर या बीसीसीआई की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है. गौतम गंभीर को जुलाई 2024 में तीनों फॉर्मेट में भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनाया गया. उनके नेत्रत्व में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज 3-0 से गंवाई. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से हारा था. ये गौतम गंभीर की बतौर कोच गंभीर की चौथी टेस्ट सीरीज हैं. गंभीर भारीतय क्रिकेट टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के साथ इंग्लैंड सीरीज में नजर आने वाले हैं. गंभीर के भारत लौटने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम आज से बेकेनहैम में अपना इंट्रा स्क्वाड मैच शुरू करेगी.ये मैच चार दिवसीय मैच होगा।

00

## एयर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद एविएशन शेयरों में भूचाल

**मुंबई,ए.।** अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गुरुवार को शेयर बाजार में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली. विमान, बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर, 242 लोगों को लेकर लंदन के गैटविक एयरपोर्ट जा रहा था।

जब सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मेघानीनगर इलाके के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान के निर्माता बोइंग के शेयरों में दुर्घटना की खबर आने के बाद प्रीमार्केट यूएस ट्रेडिंग में 7.8 फीसदी की गिरावट आई और यह 197.3 डॉलर पर आ गया. बोइंग ने कहा कि हमें शुरुआती रिपोर्ट्स के बारे में पता है और हम और जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं. आज भारत में भी विमानन से जुड़े शेयर भी दबाव में रहे. इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) 3.31 फीसदी गिरकर 5,446.35 रुपये पर आ गया, जबकि स्पाइसजेट 2.40 फीसदी गिरकर 44.40 रुपये पर आ गया. सुरक्षा, संभावित विनियामक जांच और विमानन क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव को लेकर निवेशकों की चिंताओं के कारण यह बिकवाली हुई. अहमदाबाद एयरपोर्ट का प्रबंधन करने वाली अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों में भी गिरावट देखी गई, जहां यह दुर्घटना हुई थी. शेयर 1.89 फीसदी गिरकर 2,532.25 रुपये पर बंद हुआ. इस दुर्घटना ने एयरपोर्ट सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घटना की पुष्टि की और कहा कि मामले की पूरी जांच की जा रही है. डीजीसीए के अनुसार, एयर इंडिया के संचालित विमान ने भारतीय समयानुसार दोपहर 1:39 बजे उड़ान भरी और उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान में खराबी की सूचना दी गई. हालांकि, इसका संपर्क हवाई यातायात नियंत्रण से टूट गया और हवाई अड्डे की परिधि के ठीक बाहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, ओ डोड ने खेली शानदार पारी




**नई दिल्ली,ए.।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

**बड़ी टीमों को पीछे छोड़ा**

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।

**नीदरलैंड का सबसे बड़ा रन चेज**

स्कॉटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया। नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने मिलाकर इस मैच में कुल 743 रन बनाए।

# महिला के साथ मंगलसूत्र की झपटमारी कर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** बदरवास थाना पुलिस ने महिला के साथ सोने का मंगलसूत्र की झपटमारी एवं छेड़छाड़ करने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त की है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मेरी पत्नी करीबन दो साल से मुझे छोड़कर अलग रह रही है तभी से मैं मानसिक रूप से परेशान हूँ। घटना वाले दिन 23 मई को मैं बदरवास आया था तब नशे में होने के कारण घटना घटित हो गई थी। विदित हो कि 25 मई को महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 मई को शाम 7-25 बजे सैर पर निकाली थी तभी सर्विस रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आया और उसने गले पर झपट्टा मारा और मुझसे छेड़छाड़ करने लगा इसके बाद साड़ी खींच कर जबर्दस्ती करने की कोशिश की और मैं चिल्लाई तो मेरे साथ हाथापाई कर सड़ रोड की तरफ भाग निकला था। हाथापाई के दौरान महिला को चोट भी आई थी। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए स्वयं मॉनिटिरिंग की व समय समय पर अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु दिशा निर्देश दिये। उक्त निर्देशों के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में तथा एसडीओपी कोलारस अवनीत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास यादव द्वारा अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आस पास व शहर में लगे 50 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खगाले गये एवं 500 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई तथा सायबर सेल व तकनीकि यत्रों का उपयोग किया जाकर अज्ञात आरोपी की पतारसी की गई। सायबर सेल व तकनीकि यंत्रों के माध्यम से एवं सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज से प्राप्त जानकारी का बारिकी से अध्ययन किया गया। थाना प्रभारी विकाय यादव द्वारा अपनी टीम व सायबर सेल शिवपुरी की टीम की सहायता से एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर 12 जून को संदेही बंटी सोलंकी पुत्र धन्नालाल जाटव उम्र 38 साल निवासी ग्राम मानक चौक थाना ईसागढ जिला अशोकनगर को तलाश कर घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ की गई तो घटना की परतदर परत जानकारी खुली एवं संदेही ने जुर्म करना स्वीकार किया व बताया कि मेरी पत्नी करीबन दो साल से मुझे छोड़कर अलग रह रही है तभी से मैं मानसिक रूप से परेशान हूँ। घटना दिनांक 23 मई को मैं बदरवास आया था तब नशे में होने के कारण घटना घटित हो गई थी। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री विकास यादव, उनि धर्मेन्द्र जाट सायबर सेल प्रभारी व टीम के सदस्य तथा उनि नोबेल खेस, सउनि राकेश शिवहरे, सउनि जगदीश पारासर, सउनि गोपालबाबू, सउनि किरन सोनी, प्रआर. सुरेन्द्र राय, प्रआर. शैतानसिंह, आर. नेपालसिंह भील, आर. ब्रजेश भील, आर. निर्मल बारेला, आर. रामसिंह पटेलिया, आर. दीपक शर्मा एवं का सराहनीय योगदान रहा है।

# लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने पर लगाया जुर्माना

**शिवपुरी ब्यूरो।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराई जाना है जिसमें लापरवाही पर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर पेनल्टी लगाई गई है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज सीमांकन के प्रकरण में समय पर निराकरण न करने के कारण नायब तहसीलदार शिवपुरी प्रतिभा पांडे, नायब तहसीलदार मुहारीकला खनियाधाना रामनरेश आर्य और खनियाधाना के ग्राम अछरोनी हल्का पटवारी गौरव पटेरिया, ग्राम जुंगीपुर पिछोर के पटवारी शैलेंद्र चुंगेल, और सतनवाड़ा के आवेदन समय सीमा में निराकरण न होने पर पटवारी कमलेश साहू, विक्रम रावत, माला दुबे, मोहिनी बागवार, मीनू अग्रवाल और पटवारी बृजेश भारद्वाज पर पेनल्टी लगाई गई है। इसके अलावा नगर परिषद रन्नोद में मृत्यु का अप्राप्यता प्रमाण पत्र के प्रकरण में सीएमओ मयूर वाहने द्वारा समय सीमा में निराकरण न करने पर जुर्माना अधिरोपित किया है।इसके अलावा नायब तहसीलदार सतनवाड़ा अनिल धाकड़ और तहसीलदार पिछोर शिवशंकर सिंह गुर्जर को भी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि लोक सेवा के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। जिस स्तर पर भी लापरवाही बरती जाएगी, संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही होगी।

# स्कूल के पास से 7 पेटी देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** मायापुर थाना पुलिस ने स्कूल के पास से 7 पेटी देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कीमत 28 हजार रूपए बताई गई है। मायापुर थाना प्रभारी नीतू सिंह के अनुसार, अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर मायापुर स्कूल के पास खनियाधांना-मायापुर रोड से आरोपी अरविंद पुत्र कोमल साहू उम्र 27 साल निवासी धर्मपुरा को 7 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 350 क्वार्टर कीमती 28 हजार रूपए की अवैध रूप से मिलने से जप्त किये गये है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 144/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मायापुर निरीक्षक नीतू सिंह, उनि अजय सिंह पटेल, आरक्षक सर्वेश शर्मा, बृजेश माहौर, चन्द्रभान सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# लोकायुक्त की टीम ने 10 हजार रूपए की रिश्वत लेते पोहरी तहसीलदार का रीडर गुप्ता पकड़ा, अतिक्रमण हटाने के लिए मांगे थे रूपए

**शिवपुरी ब्यूरो।** पोहरी तहसीलदार निशा भारद्वाज के रीडर पुनीत गुप्ता को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार को तहसील परिसर में ये कार्रवाई की। फरियादी अतर सिंह धाकड़ ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी जमीन बरईपुरा गांव में है। जमीन से लगे नाले पर ओमप्रकाश शाक्य समेत कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। इससे नाले का पानी खेत में घुस रहा था। अतर सिंह के भाई की फसलें खराब हो रही थीं। अतर सिंह के भाई ने तहसील में शिकायत की। तहसीलदार निशा भारद्वाज ने अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया। लेकिन रीडर पुनीत गुप्ता ने कार्रवाई के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग ली। अतर सिंह ने 10 जून को ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की। लोकायुक्त निरीक्षक टीआई कवींद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। जैसे ही फरियादी ने रीडर को 10 हजार रुपए दिए, टीम ने उसे पकड़ लिया। लोकायुक्त टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रोजेक्ट बालवर्धन का शुभारंभ, समन्वित प्रयासों से बाल कल्याण एवं पोषण सेवाओं को मिलेगा नया आयाम



**धौलपुर ब्यूरो।** जिले में बाल विकास, स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को समग्र रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट बालवर्धन की शुरुआत जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बैठक की गई। वेदांता के नंद घर और जीएसआई आर एंड टी इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रारंभ की गई यह परियोजना, जिले के बच्चों और महिलाओं के समग्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने परियोजना के सफल प्रारंभ और मात्र एक माह के भीतर जिला व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित ज़मीनी टीम के गठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन परियोजना के सुचारू संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने इस पहल को एक सशक्त अभिसरण मॉडल के रूप में देखा, जिसमें बहुविभागीय समन्वय के साथ स्थानीय सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी नंद घरों में पोषण वाटिकाओं का विकास किया जाएगा, जिसमें विभागीय वित्तपोषण और मनरेगा का सहयोग लिया जाएगा। आईसीडीएस स्टाफ का प्रशिक्षण सेक्टर और ब्लॉक स्तर पर कराया जाएगा, जिसमें टेक होम राशन प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा और निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। टेक होम राशन के प्रचार के लिए रेसिपी डेमो, फोर्टिफिकेशन और न्यूट्रिशन बार का वितरण भी प्रस्तावित किया गया है। प्रोजेक्ट बालवर्धन को अब जिला और ब्लॉक स्तरीय कन्वर्जेंस बैठकों के स्थायी एजेंडा में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे इसके उद्देश्यों और प्रगति की सतत समीक्षा संभव हो सके।

ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को सुदृढ़ किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं के लिए उपलब्ध अप्रतिबंधित निधि का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही एक मानकीकृत चेकलिस्ट के माध्यम से सपोर्टिव सुपरविजन की प्रक्रिया को संस्थागत रूप से लागू किया जाएगा और इसकी रिपोर्ट प्रत्येक समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। आईसीडीएस द्वारा पोषण ट्रैकर डेटा साझा करने और ग्रोथ मॉनिटरिंग को संयुक्त रूप से लागू करने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में भी सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें मेंटॉर टीचर, ईसीसीई डिलीवरी और स्कूलों में बुनियादी ढांचे के समुचित उपयोग पर विशेष ध्यान होगा। बैठक के समापन पर जिला कलेक्टर ने प्रोजेक्ट बालवर्धन के तहत अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल जिले के बच्चों और माताओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। उन्होंने इस साझेदारी भावना की सराहना की और आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस परियोजना की सफलता के लिए निरंतर समर्थन प्रदान करता रहेगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, उप निदेशक आईसीडीएस धीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीना, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल शामिल रहे। नंद घर से प्रमुख, इम्पैक्ट वर्टिकल्स रोहिणी सारन, प्रमुख संचालन प्रियंका शर्मा तथा जेएसआई आरएण्डटी इंडिया फाउंडेशन से निदेशक नीरज अग्रवाल ने परियोजना की रणनीति और क्रियान्वयन योजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

# क्षत्रिय महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 जून को होटल मातोश्री में

## 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का होगा सम्मान एवं पुरस्कार दिए जाएंगे




**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी में क्षत्रिय महासभा जिला शिवपुरी का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 जून को दोपहर 11 बजे से होटल मातोश्री में किया जा रहा है जिसमें 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित कर पुरुषकृत किया जाएगा। जिले में प्रत्येक केटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि के साथ-साथ मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। हाई सेकेंडरी परीक्षा में जिले में प्रथम आने वाले छात्र को रुपया 11000 नगद एवं द्वितीय को को 5100 व तृतीया को 3100 इसी प्रकार हाई स्कूल में प्रथम को 5100 द्वितीय को 3100 एवं तृतीय को 2100 मिडिल स्कूल में प्रथम को 3100 द्वितीय को 2100 एवं तृतीय को 1100 कक्षा 5 में प्रथम को 2100 द्वितीय को 1100 एवं तृतीय को 500 नगद पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। साथ ही जो विद्यार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे उन्हें उपहार के साथ प्रशंसा पत्र एवं रुपया 251 नगद प्रदाय किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मेंहदी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद पुरुस्कार क़े साथ मोमेंटो एवं प्रशंसा पत्र प्रदाय किए जाएंगे। साथ ही खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने बाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविंद्र चौधरी कलेक्टर शिवपुरी एवं राघवेंद्र सिंह राजू वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा होंगे।

साथ ही अखिल भारतीय महासभा क़े वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जिले के अधिकारी गण अतिथि क़े रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवीर सिंह गौर करेंगे। आयोजन के उपरांत सहभोज की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने हेतु गुरु जी के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई जिसमें व्यवस्थाओं की समीक्षा कर पृथक-पृथक दायित्व सौंप गए। साथ ही समस्त समाजजनों को सपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है।



# साइबर ठगीः फर्जी सिम एक्टिव कर आधार-यूपीआई के जरिए खाते से उड़ाए 60 हजार रूपए

**शिवपुरी ब्यूरो।** साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 60 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। पूठबर्वे गांव निवासी धर्मेन्द्र सिंह गोलिया ने इस संबंध में एसपी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 4 जून 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर से जुड़े आधार को फर्जी सिम के माध्यम से एक्सेस किया। आरोपी ने न केवल आधार कार्ड की फोटो बदल दी, बल्कि आधार-यूपीआई का उपयोग कर उनके बैंक खाते से 60 हजार रुपए निकाल लिए। जब धर्मेन्द्र सिंह को अपने मोबाइल पर सिम और आधार संबंधी संदिग्ध मैसेज मिले, तो वे तुरंत जियो कार्यालय पहुंचे। वहां उन्हें बताया गया कि उनके नंबर से एक फर्जी सिम एक्टिव की गई है। बैंक जाने पर पता चला कि उक्त रकम आधार-यूपीआई के माध्यम से निकाली गई है। पीड़ित ने एसपी से खाते की जांच, दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अपनी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है।

# खाद वितरण में कालाबाजारी के चलते एमपी एग्रो कर्मचारी को पकड़कर कलेक्ट्रेट ले गए किसान

## कलेक्टर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने शहर की गल्ला मंडी के पास स्थित एमपी एग्रो खाद वितरण केंद्र पर जमकर हंगामा किया। हालात तब बिगड़ गए जब किसानों ने केंद्र के कर्मचारी को पकड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचा दिया और खाद की कालाबाजारी के गंभीर आरोप लगाए।

किसानों का आरोप है कि केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में खाद मौजूद है, लेकिन उसे जानबूझकर वितरित नहीं किया जा रहा। किसान धर्मवीर यादव ने बताया कि आधार कार्ड पर 10 डीएपी खाद की बोरियां दर्ज की जा रही हैं, लेकिन किसानों को केवल 5 बोरियां दी जा रही हैं।

साथ ही 250 रुपए की नैनो यूरिया खाद की बोतल 500 रुपए में जबरन बेची जा रही है। किसान सतीश रावत ने आरोप लगाया कि वितरण केंद्र से रात के अंधेरे में खाद की ब्लैक मार्केटिंग की जा रही है, जबकि सुबह से कतार में लगे किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। नंबर लगाने के नाम पर भी पैसों की मांग की जा रही है। वहीं कलेक्ट्रेट में एमपी एग्रो के कर्मचारी विष्णु ओझा ने सफाई देते हुए कहा कि उनके दो सहयोगी बैंक में पैसे जमा करने गए थे, उनके लौटने के बाद ही वितरण शुरू होना था। लेकिन किसानों की भीड़ ने उनकी बात नहीं मानी और उन्हें जबरन कलेक्ट्रेट ले आई। मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और किसानों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं आई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# पैसों के लेनदेन को लेकर पेट्रोल पंप मालिक का पेवर ब्लॉक से सिर फोड़ा, होश में आने के बाद पुलिस को घटना की दी जानकारी

**शिवपुरी ब्यूरो।** पैसों के लेनदेन को लेकर एक कारोबारी पर जानलेवा हमला हुआ है। कारोबारी करूण अग्रवाल गुरुवार रात करीब 8 बजे अपनी वर्कशॉप और पेट्रोल पंप बंद कर घर लौट रहे थे। मंगल लॉज के पास गौरव पचौरी और वीनस कार केयर शोरूम का एक व्यक्ति खड़े थे। करूण को देखते ही गौरव ने गालियां देनी शुरू कर दीं। मना करने पर गौरव ने पेवर ब्लॉक से हमला कर दिया। पहला वार करूण के सिर के पीछे और दूसरा वार चेहरे के बाएं हिस्से पर किया। इससे करूण को गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। गौरव ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उनके दाएं पैर में भी चोट आई। कुछ देर बाद करूण के भाई प्रतीक और अमन गुप्ता मौके पर पहुंचे। वे उन्हें अस्पताल ले गए। होश में आने के बाद करूण ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बीएनएस की धारा 296, 115(2), 118(1), 251(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीएसआर कार्यशाला एवं जल उपयोग अंकेक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का प्रारंभ 5 जून से किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जनसहभागिता से स्वच्छता तथा जागरूकता को बढ़ावा देना है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि अभियान 5 जून से 20 जून, 2025 तक मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जून शनिवार को उद्योग विभाग द्वारा सीएसआर कार्यशाला आयोजित करना मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत राज्य मद से अनुमोदित कार्यो हेतु गैप फंडिग के लिए प्रेरित करना, जल उपयोग अंकेक्षण, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति, औद्योगिक संस्थानों, निजी एवं सरकारी कार्यालयों को ग्रीन ऑफिस इनिशिएटिव, एनर्जी ऑडिट एवं ग्रीन बजट के बारे में जानकारी देना, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मीडिया राउण्ड टेबल जल संग्रहण एवं संरक्षण के करवाएं जा रहे कार्यो के महत्व से मीडिया को अवगत करना, 15 जून रविवार को खेल विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र, स्वयंसेवी संस्था, शिक्षा विभाग द्वारा जिला प्रशासन द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता हेतु निबंध लेखन, नारा लेखन, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन, 16 जून सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण राजीविका विभाग द्वारा नवीन अमृत सरोवर का शुभारंभ, नए जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यो का शुभारंभ एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन, हरियालो राजस्थान अन्तर्गत पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी, प्राचीन तालाब, जोहड़ इत्यादि की साफ-सफाई एवं मरम्मत, पंचायत पौधशाला एवं जल मियांवाकी पौधारोपण एवं विशेष कार्यक्रम, औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी, हरियालो राजस्थान अन्तर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी, कर्मभूमि एवं मातृभूमि अभियान के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति, ग्राम के सभी जल स्त्रोतों की मैपिग, साफ-सफाई एवं मरम्मत, सोख्ता गढढो की साफ-सफाई, गांवो के मुख्य मार्गो, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, राजीविका के ग्राम संगठन एवं सीएलएफ कार्यालयों में स्वच्छता अभियान का आयोजन एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सरकारी भवनों में स्थित आरटीडब्ल्यूएचएस की साफ-सफाई एवं रोड़ साईड पौधारोपण हेतु अग्रिम तैयारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# अमोला घाटी के पास चलती कार में लगी आग, कार सवारों ने कूदकर बचाई जान



**शिवपुरी ब्यूरो।** एनएच 27 हाईवे पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते कार सवारों ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में शाहनवाज खान का परिवार सवार था, जो कानपुर से गुना की ओर जा रहा था। अमोला घाटी के पास पहुंचते ही कार के इंजन से अचानक धुंआ निकलना शुरू हुआ और कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। आग लगने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन प्राथमिक जांच में गर्मी के चलते कार में शॉर्ट सर्किट होना संभावित कारण माना जा रहा है। घटना के बाद शाहनवाज खान का परिवार एक अन्य वाहन से मौके से रवाना हो गया। इधर, सुरवाया थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# करैरा पुलिस ने 2 लाख 60 हजार रूपए की स्मैक के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने नशे का विक्रय करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम दाबरभाट के यात्री प्रतीक्षालय से 2 लाख 60 हजार रूपए की 26.5 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। करैरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई के अनुसार 12 जून को मुखबिर की सूचना पर दाबरभाट चौराहा यात्री प्रतीक्षालय से आरोपी दीपक भार्गव उर्फ नागेश्वर भार्गव निवासी टोरियाखुर्द को गिफ्तार किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 2 लाख 60 हजार रूपए की 26.5 ग्राम स्मैक पाउडर एवं एक इलेक्ट्रिक तौल कांटा जब्त किया है। आरोपी स्मैक को करैरा क्षेत्र के गांवों में खपाने के लिए आया हुआ था। आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी से स्मैक के स्त्रोत के संबध मे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में करैरा टीआई विनोद छावई, उनि रामानंद पचौरी, आर. हरेन्द्र सिंह, राधेश्याम जादौन, मत्स्येन्द्र गुर्जर, संतोष पाठक, विकास, रामअवतार गुर्जर की मुख्य भूमिका रही है।


# आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, विकीत भूमि ग्राम छावनी, वार्ड नं. 07. संपत्ति कर रजिस्टर्ड सीरियल कमांक 187/7, राठौर मौहल्ला, रोड से दूर, तहसील व जिला शिवपुरी जिसका कुल क्षेत्रफल 913 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में मकान दुबे एवं रोड, पश्चिम में मकान गुलाब मोहम्मद के बाद गली, उत्तर में मकान गुलाब मोहम्मद तथा दक्षिण में गली रोड स्थित है। उक्त संपत्ति को श्रीमती राजकुमारी पत्नि श्री सूर्य कुमार ओसवाल मु. आम श्री अतुल जैन पुत्र सुरेश चंद जैन निवासी डी-103, समाधिया कॉलोनी, तारागंज लश्कर, तहसील व जिला ग्वालियर ने रजिस्टर्ड विकयपत्र कमांक 2128 दिनांक 25.03.2013 के द्वारा श्रीमती मधु कटारिया पत्नि श्री हरीश चन्द्र कटारिया निवासी सोजीराम का बाडा, कमलागंज तहसील व जिला शिवपुरी को विक्रय कर दिया है। श्रीमती मधु कटारिया पत्नि श्री हरीश चन्द्र कटारिया निवासी सोजीराम का बाडा, कमलागंज तहसील व जिला शिवपुरी ऋण ले रहे हैं। यह कि पूर्व का पंजीयत विक्रयपत्र क. 49/2000 दिनांक 04.02.1944, एवं वसीयत दिनांक 10.02.1969 बंधक होने वाले स्वत्व लेख की पूर्व की श्रृंखला है जो कि गुम हो गई है। जिसकी सूचना पुलिस रिपोर्ट दिनांक 13.06.2025 को श्रीमान थाना प्रभारी महोदय, को थाना शिवपुरी में की जा चुकी है। यदि अन्य किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था, शासन का किसी भी प्रकार से उक्त सम्पत्ति में हित निहित हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति को वित्तीय संस्था साम्य बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर उक्त संस्था का प्रथम भार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

दिनांक -13.06.2025

सूचक

श्री आशीष पुराणिक एडव्होकेट स्वास्तिक रेसीडेंसी शिवपुरी म.प्र.


# भीषण गर्मी एवं बढ़ते विद्युत भार की मांग को पूरा करने के लिए पॉवर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में की वृद्धि



**धौलपुर ब्यूरो।** गर्मी की तीव्र लहर के चलते बिजली की खपत में हो रही अमूर्त पूर्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए जयपुर डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं को निर्बाध और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे है। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर ने बताया कि 33, 11 केवी सब-स्टेशन हाऊसिंग बोर्ड पर स्थापित पॉवर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि यह उन्नयन कार्य तेजी से पूर्ण किया गया, जिससे ट्रांसफॉर्मर पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार को कम किया जा सकेगा और बार-बार ट्रिपिंग व वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ट्रांसफॉर्मर के उन्नयन स अब बिजली आपूर्ति अधिक सुदृढ़ और भरोसेमंद हो सकेगी और पीक आवर्स में विद्युत मांग को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उन्नयन कार्य से पुलिस लाइन, दारा सिंह नगर, हाऊसिंग बोर्ड, मंगल विहार, मयूरी नगर, जिला परिषद, पचगांव व इसके आस-पास के क्षेत्रों के सभी उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। विभाग उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। आगामी दिनों अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में वृद्धि व सिस्टम सुधार का कार्य किया जाएगा।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर ब्यूरो।** 220 केवी जीएसएस हिंडौन पर 132 केवी मैनबस का मरम्मत व रख-रखाव का कार्य होने के कारण 15 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता 220 केवी जीएसएस राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड भूदेव अवस्थी ने बताया कि 132 केवी जीएसएस बसेड़ी के 33 केवी नदनपुर एवं कंचनपुर, 132 केवी जीएसएस बाड़ी के 33 केवी कंचनपुर एवं मत्सूरा, 132 केवी जीएसएस सरमथुरा के 33 केवी बड़ागांव, झिरी एवं भमपुरा तथा 33 केवी समस्त ग्रामीण फीडरों की 15 जून को प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# कलेक्टर द्वारा जौरा ब्लॉक के अंतर्गत एसडीएम कार्यालय, न्यायालय एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया

## कलेक्टर ने कहा कोई भी फ़ाइल लम्बित ना रहे, प्रवाचकों को जल्द फ़ायलें हैंडओवर की जाए



**मुरैना,कांस।** सुगमता के साथ कार्यालयों में कार्य सम्पादित हो एवं उनका नियमित संचालन हो,इस उद्देश्य से कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने शुक्रवार को जौरा तहसील, एसडीएम कार्यालय और एसडीएम न्यायालय कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जिन प्रवाचकों के ट्रान्सफर किये गये थे, उनको फाइलें हैंडओवर नहीं हुई है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की त्वरित फाइलें हैंडओवर करने के निर्देश दिए।उन्होंने तहसील कार्यालय में नामान्तरण, बटवारा, उपस्थिति पंजी आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम जौरा श्री प्रदीप तोमर सहित संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार जनपद सीईओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते समय कहा कि आगे भी इसी प्रकार के आकस्मिक निरीक्षण मेरे द्वारा किए जाते रहेंगे इस दौरान यदि कार्यालयों में विशेषकर रीडर के पास फाइलें लंबित पायीं जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश दिये कि जिन प्रावचकों को मेरे द्वारा ट्रान्सफर किया गया था,उनको जल्द फाइलें हेंडओवर की जायें। कलेक्टर ने सायबर तहसील के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने एसडीएम न्यायालय का निरीक्षण किया। उस दौरान कई फाइलें उन्हें पूर्ण पायी गई,इस पर उन्होंने कार्यों की सराहना की।

**कलेक्टर ने ग्राम अलापुर में सीआरएस के कार्यो का अवलोकन किया**

शासन से बुनकर समुदाय के लिए 8 करोड़ रूपये की लागत से सीआरएस मद से 8 कार्य स्वीकृत किये गये थे। उन निर्माण कार्यो का कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया गया।निर्माणाधीन कार्य संचालित स्थिति में पाये गये, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये। इसके बाद कलेक्टर ने डब्ल्यूआरडी के तहत बनाये गये तालाबों का अवलोकन भी किया।

# 10 दिवसीय एनसीसी के छात्रा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का संचालन

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)




**ग्वालियर।** 3MP गर्ल्स बटालियन द्वारा 5 जून 2025 से 14 जून 2025 के मध्य आयोजित किया जा रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को विभिन्न गतिविधियों जैसे योग ,ड्रिल, मैप रीडिंग, ऑप्टिकल ट्रेनिंग फायरिंग,शस्त्र प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के दौरान पर्यावरण दिवस पर कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकालकर इस भीषण गर्मी से पेड़ ही हमें राहत देते हैं। इस हेतु कैडेट्स द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। एनसीसी समूह मुख्यालय के कमांडर ब्रिगेडियर केडीएस झाला ने शिविर क्षेत्र का निरीक्षण किया और समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कैडेट्स को उनके भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप ही देश के भविष्य हैं। उन्होंने महिला कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि आपका योगदान देश के विकास में महत्वपूर्ण होगा और इससे देश पहले स्थान पर पहुंचेगा। कैंप के पांचवें दिवस के दौरान हाइजीन पर, एमएच कमांडेंट ब्रिगेडियर अतुल सेठ ने छात्रा कैडेट्स को जागरुक करते हुए पीरियड्स के दौरान उन्हें व्यक्तिगत हाइजीन का विशेष ध्यान रखने को कहा, इस दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल सुखविंदर सिंह ने कैंप में उपस्थित 400 छात्रा कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी कैंप में आपने सीखा है उसे अपने जीवन में उतार लें और देश की सेवा में सदैव तत्पर रहे।

# रामकथा जीवन जीने का सार हे आचार्य योगेश

## बाबा नीम करोरी के स्थापना दिबश पर कैलारस में रामकथा का आयोजन चल रहा कथा का आज 8 वा दिन है




**कैलारस।** 6 जून से राम कथा आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट के पास मा कैलादेवी मंदिर पर कथा चल रही है जिसमे भीषण गर्मी के समय नीम करोरी भक्त मंडलकैलारसद्वारापानी ,नीबी ,सरबत, बड़े कूलर लगाकर कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं ,श्रोताओं की बेहतरीन व्यवस्था की है हजारो श्रोता गण हर रोज रामकथा में मर्यादा परषोत्तम राम की कथा का आनंद ले रहे है कैलारस में बाबा नींम करोरी के भक्तों के द्वारा बाबा के कैंची धाम आश्रम की स्थापना के अवसर पर श्व2स्र रेस्ट हाउस के पीछे अंतरि स्थित माता के मंदिर पर श्री राम कथा का आयोजन बाबा के भक्तों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमे कथा बाचक योगेश वशिस्ठ जी के मुखारबिंद से आज आठवें दिन भरत मिलाप के प्रशंग की कथा सुनाई इस प्रशंग से श्रोताओं की आंखे नाम हो गई राम भक्त ले चला रे राम की निशानी भजन पर लोगो ने भगवान श्रीराम की चरण पादुका अपने सर पर रखकर भरत जी को ले जाते हुए चित्रण भी किया उन्होंने कहा कि आज भाई भाई जरा सी बात पर लड़ रहे हे मर्यादा पुरुषोत्तम राम के ओर भरत जैसे भाई से हमें अपने जीवन में यह सीख लेनी चाहिए रामायण और राम कथा जीवन जीने का सार हे इससे पूर्व श्रीराम प्रभु के जन्म से लेकर विवाह, वन गमन, किष्किंधा कांड, लंका दहन, रावण वध एवं राजतिलक आदि कांडों का गुणगान पंडित जी के द्वारा किया गया कथा का समापन 15 जून को कथा के भंडारे एवं हवन के साथ समापन किया जायेगा।

जिसमे परीक्षित श्री बंटी शर्मा जी है। बाबा नींम करोरी कैलारस के भक्तों का आम जनता से निवेदन है कि चल रही श्रीराम कथा का श्रवण करने जरूर पधारें।

# रेल से कटकर युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गोठिया का पुरा रेल्वे फाटक के पास एक युवक ने रेल से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गोठिया का पुरा के रेल्वे फाटक के पास राजेन्द्र जाटव पुत्र दौजीराम जाटव उम्र 45 साल ने अज्ञात कारणो के चलते रेल्वे ट्रेक पर जाकर रेल से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस ने शव का मौका पंचनामा बनाकर उसका पीएम कराकर उसे उसके परिजनों को सौपकर फरियादी लाखन पुत्र गोपाली जाटव की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# नगर कैलारस के सौंदर्यीकरण हेतु चंबल शताब्दी संगठन के युवाओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कैलारस।** चंबल शताब्दी संगठन कैलारस के युवाओं द्वारा कैलारस के सौन्दर्य करण हेतु ध्यानाकर्षण व प्रशाशनिक सहयोग को लेकर एक ज्ञापन तहसीलदार कैलारस विश्राम सिंह बघेल को सौंपा जिसमें यह मांग की कि कैलारस में कहीं पार्क की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते खासकर महिलाए और बच्चों व बुजुर्गों को घूमने के लिए साफ स्वच्छ ध्यान नहीं है। अतः पुराने रेल्वे स्टेशन के पास पानी की टंकी मन्दिर से और स्टेशन मंदिर तक सफाई करवार उसमें घास वृक्षारोपण एवं दोनों ओर से जाली लगाकर बंद कर विकसित करेंगे। स्थानीय निवासीयों एवं चम्बल शताब्दी संगठन के लोगों द्वारा की जावेगी। इस हेतु रेल्वे विभाग से परमिशन दिलवाकर उक्त जगह को विकसित करने में आपके सहयोग की अपेक्षा है जोकि आपके संज्ञान में है यह क्वारी नदी के पुल के ऊपर से लोग कचरा पूजा सामग्री प्लास्टिक की थैली गंदे कपड़े, मृत व्यक्तियों की राख़ आदि डालते है जिससे बहुत गंदगी नदी में फैल रही है। इस हेतु पुल पर लोहे की जाली लग जाए तो कचरा नदी में नहीं पहुंचेगा जिससे नदी साफ स्वच्छ रहेगी। इस हेतु आपके सहयोग की आवश्यकता है। अलोपी शंकर की पहाड़ी पर घेर है अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण को देखकर पहाडी को वनक्षेप में बदलने के लिए सुरक्षित एवं संरक्षित करवाने हेतु प्रशाशनिक सहयोग से इसे गौर हेतु रिजर्व घाषित करवाने की कृपा करें। उपरोक्त तीनों बिंदु आपके संज्ञान में है अतः उचित कार्यवाही की जाए ज्ञापन देने वालों में पुष्पेंद्र सिकरवार, भगवती उपाध्याय, अरुण शर्मा, शिवम गुप्ता, डॉ बी के तिवारी, कमल बंसल सौरभ मुदगल,अजय तिवारी , डी के गोयल सहित चम्बल शताब्दी संगठन के साथी उपस्थित थे।

# शिकायत की जांच सही न करने पर एनआरएलएम के खंड प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक को सेवा से पृथक करने का नोटिस




**कैलारस।** स्व-सहायता समूहों की शिकायत मिलने पर मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला प्रबंधक ने कैलारस के विकास खंड प्रबंधक सुरजीत सिंह चौहान व सहायक विकासखंड प्रबंधक प्रदीप मडेलीया को जांच सौंपी। जिस पर दोनों ने समूहों की गलत जानकारी दी। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने दोनों ही कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में बताया गया है कि ग्राम पंचायत कुटरावली में कार्यशील समूह जय कैलादेवी स्व-सहायता समूह व जय भवानी स्व-सहायता समूह की शिकायत की जांच सौंपी गई। जिसमें स्थल जांच के लिए सुरजीत सिंह चौहान व प्रदीप मडेलीया को अधिकृत किया गया। जांच में जानकारी भेजी गई कि जय भवानी स्व-सहायता समूह का बैंक खाता संचालन अध्यक्ष रूबी शर्मा, सचिव नीलम शर्मा के हस्ताक्षर से संचालनकर्ता तथा संचालनकर्ता पूजा शर्मा है।

जबकि बैंक से पता चला कि संचालन कर्ता रूबी शर्मा व पूजा शर्मा है। इसी तरह जय कैलादेवी समूह को एनआरएलएम पोर्टल पर दर्ज नहीं बताया गया। जबकि समूह पोर्टल पर रजिस्टर्ड है। समूह का सेंट्रल बैंक आफ इंडिया सेमई में बैंक खाता भी है। जिला पंचायत सीईओ ने दोनों ही कर्मचारियों को संविदा सेवा से पृथक करने का नोटिस जारी किया है।

# छात्रावासों में निवासरत अजा. के विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी

**ग्वालियर।** जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिये संचालित उत्कृष्ट छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इस सिलसिले में गणित, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, खाताबही, अर्थशास्त्र व कम्प्यूटर पढ़ाने के इच्छुक शिक्षक व कोचिंग संस्थानों से 25 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन पत्र शारदा वि8हार कॉलोनी सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिये घाटीगाँव, डबरा, भितरवार एवं मुरार में छात्रावास संचालित हैं। इन छात्रावासों में कक्षा-9 व 10 के विद्यार्थियों को गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं कम्प्यूटर पढ़ाने के लिये शिक्षकों व कोचिंग संस्थानों से आवेदन मांगे गए हैं। इसी प्रकार कक्षा-11 व 12 एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को गणित, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, खाताबही, अर्थशास्त्र व कम्प्यूटर पढ़ाने के लिये आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विस्तृत जानकारी के लिये शिक्षक व कोचिंग संस्थान शारदा विहार कॉलोनी सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# बाल अधिकारों के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला बाल विकास की संयुक्त कार्यशाला संपन्न




**मुरैना,कांस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती संगीता मदान तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ओपी पांडेय महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बाल अधिकारों के संबंध में जागरूकता अभियान माह जून एवं जुलाई में व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार में बाल अधिकारों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष शर्मा द्वारा बालकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शौर्य दल के सदस्यों द्वारा प्रतिभागियों के रूप में सहभागिता की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ओपी पांडेय द्वारा जिला अंतर्गत संचालित समस्त बाल संरक्षण संस्थाओं के बारे में बताते हुए फोस्टर केअर, स्पांसरशिप एवं बाल आशीर्वाद के बच्चों को चिन्हांकित करते हुए लाभ प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया। मुरैना जिले के अंतर्गत कुल 350 बच्चों को स्पांसरशिप का लाभ प्रदाय किया जा चुका है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन में शत प्रतिशत बच्चों को लाभ प्रदान किए जाने का लक्ष्य है। परियोजना अधिकारी मुरैना ग्रामीण श्रीमती निशा शंखवार एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक अपूर्वा चौधरी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ श्री महावीर जाटव द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु एवं शासन की समस्त योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रदाय करने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी रविकांत दुबे एवं बृजराज शर्मा उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में देवर भाभी व भतीजी घायल

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**विजयपुर।** विजयपुर से सबलगढ़ जा रही फोर व्हीलर गाड़ी के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दोर्द गांब मैं बाइक को टक्कर मार दी।इस दुर्घटना में बाइक सवार देवर भाभी व भतीजी घायल हो गई।बताया गया है कि मोटरसाइकिल सवार रामपुर रोड से लछिमन पुरा आ रहा था। जिसे दिनेश पुत्र अमर जीत कुशबाह उम्र 30 बर्ष चला रहा था व पीछे उसकी भाभी ममता पत्नी लालपति उम्र 45 साल ब भतीजी अनन्या उम्र 14 साल बैठी थी, कि अचानक तेज रफ्तार कार का सन्तुलन बिगड़ गया और कार ने बाईक को टंक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार सवार सबलगढ़ से एम्बुलेंस मगबाकर उपचार हेतु सबलगढ़ ले गये है,उक्त बाहन आईडीया मोबाइल टाबर सबलगढ़ इलाके में लगाने बाबत विजयपुर से दोर्द गांब होते हुए रामपुर रोड से सबलगढ़ जा रहे थे, मोटरसाइकिल ब जीप मैं भिडन्त जोरदार हुई है जिससे गाड़ी का बोनट क्षतिग्रस्त हुआ है। ओर मोटरसाइकिल का अगला भाग लाईट ब टायर रिम सहित क्षतिग्रस्त हुआ है कार अभी तक धटना स्थल पर ही खड़ी हुई है ,धटना गुरुवार को दोपहर 1 बजे के करीब हुई।

## शासकीय आईटीआई टेकरी में 16 जून तक प्रवेश, इच्छुक पुरुष, महिलायें एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर प्रवेश ले सकते है

**मुरैना,कांस।** शासकीय आईटीआई मुरैना में प्रवेश के लिए इच्छुक पुरुष, महिलायें एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर प्रवेश ले सकते है। शासकीय आईटीआई मुरैना द्वारा रोजगारन्मुखी 09 व्यवसायों इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मेकनिक, टर्नर, स्टेनोग्राफी हिंदी, वेल्डर, ट्रेक्टर मेकनिक, कोपा, स्विंग टेक्नोलॉजी में प्रवेश दिया जाता है। व्यवसाय वेल्डर एवं स्विंग टेक्नोलॉजी की प्रवेश शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण है, शेष सभी व्यवसायों में 10वी उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला आवेदक पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कराकर प्रवेश प्राप्त कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 16 जून, 2025 निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के प्रवेश प्रभारी श्री ब्रजेश शर्मा के मोबाइल नंबर 7987084487 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बिजली का तार डालने को लेकर गोली चलाई

**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के द्धारिकाधीश कॉलौनी में डीपी से तार डालने को लेकर हुए विवाद में होटल संचालक ने बंदूक से हवाई फायर करने की घटना प्रकाश में आई है। थाना प्रभारी सिविल लाइन ने बताया कि द्धारिकाधीश कॉलौनी के लोगो ने बिजली का तार डीपी से डाल रहे थे तभी गौरवान्स होटल के संचालक से उनका विवाद हो गया और इसी विवाद के चलते होटल संचालक ने हवाई फायर कर दिए। थाना पुलिस मामल की जांच कर कार्यवाही कर रही है।

# देहात के थानों में बरसों से जमे हैं पुलिस कर्मचारी, अधिकारियों के कार्यालय में भी यही हाल

**मुरैना,कांस।** तमाम पुलिस अधीक्षक मुरैना में रहकर जा चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा कभी भी इस बात की जांच पड़ताल नहीं की गई की कौन कर्मचारी किस थाने एवं अधिकारियों के कार्यालय में कितने वर्षो से जमे हुए हैं और अनेक ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी पूरी नौकरी एक ही जिले में निकाल दी है, लेकिन अब लगता है कि पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद सो रहे अधिकारियों पर कुछ असर हो सकता है और जिले में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के स्थानांतरण हो सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,,डीएसपी मुख्यालय, डीएसपी रेडियो, सीएसपी कार्यालय एवं एसडीओपी कार्यालय के अलावा दूर दराज के थानों में ऐसे सैकड़ो कर्मचारी हैं, जिन्हें 10 वर्ष से अधिक नौकरी करते हुए हो गए और उनका एक भी बार स्थानांतरण नहीं हुआ है द्य तमाम पुलिस कर्मचारी जो जहां पदस्थ है, वह वहां से अन्यत्र जाना ही नहीं चाहता और उन्होंने अपनी गहरी पेठ उसे इलाके में बना रखी है द्य जिले के अंबाह, पोरसा, महुआ, नगरा, दिमनी, माता बसैया, सिहोनिया, रिठौरा, नूराबाद, बानमोर, सराय छोला, बागचीनी, सुमावली, कैलारस, सबलगढ़, जोरा सहित तमाम थाना क्षेत्र में चार-चार वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक कार्य करते हुए कर्मचारियों को हो गए हैं, लेकिन कभी भी पुलिस कप्तान द्वारा इसकी जांच पड़ताल नहीं की गई है द्य इसी प्रकार तमाम अधिकारियों के कार्यालय में पुलिस कर्मचारी बाबू बनकर या अन्य कार्य कर अपना टाइम पास कर रहे हैं द्य इसके अलावा पुलिस लाइन में भी ऐसे तमाम कर्मचारी पड़े हुए हैं जो या तो अधिकारियों की जी हुजूरी से बचने के लिए स्वेच्छा से पहुंच गए हैं अथवा उनके ट्रांसफर कर दिए गए हैं द्य पुलिस लाइन में ऐसे एक्टिव भी कर्मचारी हैं जो थाना क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकते हैं, लेकिन उन्हें प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा, लेकिन अब पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं और 16 जून से पहले प्रदेश भर में जगह-जगह ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें नियमानुसार अधिक समय हो चुका है, अब उनके स्थानांतरण किए जाएंगे द्य इस आदेश के बाद पुलिस विभाग में खलवली मच गई है।

**पुलिस विभाग में यह है मुख्य नियम**

पुलिस विभाग की गाइडलाइन है कि एक पद पर किसी कर्मचारी की एक थाने में पोस्टिंग सामान्यतः 4 साल और अधिकतम 5 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए द्य तय अवधि पूरी करने के बाद इस पद पर उसी थाने में दोबारा पोस्टिंग नहीं की जा सकती द्य अलग-अलग पदों पर दोबारा पोस्टिंग के लिए कम से कम 3 साल का गैप जरूरी है द्य एक संभाग में सिपाही से द्यद्व स्तर तक कुल पोस्टिंग 10 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए, लेकिन मुरैना जिले में जांच पड़ताल की जाए तो ऐसे तमाम उदाहरण मिल जाएंगे, जहां गाइडलाइन को दरकिनार कर दिया गया है।

# डॉ शरद शर्मा ने तीन किलो का ट्यूमर निकालकर बुजुर्ग की जिंदगी आसान की

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** सिविल अस्पताल सबलगढ़ में पदस्थ सर्जन डॉ शरद शर्मा ने ग्राम अलीपुरा सबलगढ़ के रहने वाले 90 वर्ष के सरवन लाल रावत के हाथ मे लटका तीन किलो का ट्यूमर निकालकर मरीज की जिंदगी आसान की है।हुआ यह कि बुजुर्ग सरवन रावत प्रोस्टेट की समस्या से परेशान थे और उन्हें बार-बार बाथरूम जाना पड़ता था। बिस्तर में आराम करते थे तब तक तो ठीक था लेकिन प्रोस्टेट की वजह से बार-बार बाथरूम भागना पड़ता था फिर भी परेशान रहते थे। कारण था उनके हाथ में चार-पांच किलो का ट्यूमर उसका वजन उठाकर उन्हें बाथरूम में जाना पड़ता था। हाथ के वजन से उन्हें बहुत परेशानी थी। मरीज रावत की समस्या के निदान के लिए डॉ शरद शर्मा ने ऑपरेशन के द्वारा ट्यूमर निकलवाने की सलाह दी।तब मरीज ने कहाकि शहरों में बड़े डॉक्टरों को दिखाया था सभी ने उम्र ज्यादा होने की बात बोलकर ऑपरेशन नहीं किया।तब डॉ शर्मा की सलाह पर 3.2 किलो का ट्यूमर आसानी से निकाल लिया गया और वह स्वस्थ है। दवाइयों से उनकी प्रोस्टेट की बीमारी भी ठीक है। उल्लेखनीय है कि जबसे डॉ शरद शर्मा सबलगढ़ पदस्थ हुये है उन्होंने अनेक मेजर ऑपरेशन कर मरीजों को नई जिंदगी दी है।

# मेधावी छात्र संजय को लैपटॉप भेंट किया



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** एकलव्य एग्रीकल्चर एंड आर्ट अकादमी द्वारा संस्थान के मेधावी छात्र संजय कुशवाहा को 12वीं कक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर संस्थान के डायरेक्टर पंचम सिंह कुशवाह द्वारा लेपटॉप भेंट किया गया।छात्र देवीसिंह कुशवाह ,नितेश कुशवाहा,मछला जाटव इंद्रजीत को मेडल व अन्य सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजयपुर नगर में एम.जे.पी अकादमी का शुभारंभ भी किया गया जिसका नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह शुभारंभ किया।

# अलग-अलग सडक हादसो में तीन की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के बागचीनी, जौरा एवं अम्बाह थाना क्षेत्रो में अलग-अलग सडक हादसो में तीन लोगो की मौत हो गई वही एक अन्य घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम बरौली गॉव में निवास करने वाले जितेन्द्र पुत्र रणवीर सिंह सिकरवार उम्र 30 साल की सडक हादसे में मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जौरा थाना क्षेत्र के अगरौता चौराहे के पास जा रही महिला बतसिया पत्नी भगवान सिह उम्र 45 साल जा रही थी कि उसी समय बाइक क्रमांक एमपी06 जेडबी 7422 के चालक ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए महिला को टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी मोनू पुत्र भगवान सिंह कुशवाह की रिपोर्ट पर से आरोपी बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार अम्बाह थाना क्षेत्र के पाली के ताल के पास जा रहे सुल्तान पुत्र कोकसिंह एवं सौरभ को कार क्रमांम एमपी 07 सीएफ0552 के चालक ने कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारकर घायल कर दिया था जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसमें सुल्तान की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# प्रदेश में आमजन की सुविधा के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम की होगी शुरूआत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की आमजन को मिले जानकारी
## सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार किया जाए सॉफ्टवेयर और ऐप



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को आसानी से दिलाने के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार किया जाए। जिसमें विभिन्न विभागों की सेवाएं एक साथ जोड़कर, आमजन को एक ही स्थान पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। यूनिफाइड पोर्टल को विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को जोड़कर लांच किया जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों की जानकारी आमजन को आसानी से मिल सके, इसके लिए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। जनता को विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी देने के उद्देश्य से होर्डिंग्स लगाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में विभिन्न तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नवीन प्रौद्योगिकी की मदद ली जाए। इसे सुनिश्चित करने के लिए एमपीएसइडीसी सॉफ्टवेयर/ऐप तैयार करें और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। इसके साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**21 जून को उज्जैन के डोंगला में आयोजित होगी राष्ट्रीय कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को उज्जैन में %खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा% विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं अन्य सहयोगियों की ओर से यह कार्यशाला डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा जैसी गतिविधियां होंगी।

**ड्रोन से निगरानी तंत्र को मजबूत कर डेटा संग्रहण क्षमता बढ़ाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन के उपयोग की व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ड्रोन के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत करते हुए डेटा संग्रहण क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, रेरा, लोक निर्माण, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं में सर्वेक्षण एवं निगरानी कार्य के लिए ड्रोन की सहायता ली जा रही है।

# आंधी-तूफान के बाद विद्युत बहाली
## गांधी कॉलोनी में पंकज सोनी ने खुद काटी पेड़ की डाल, अधिकारियों और स्टाफ ने 48 घंटे किया काम

**मुरैना,कासं.।** बीते दिनों आए भीषण आंधी-तूफान ने शहर की विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे 33 KV और 11 KV की कई लाइनें फॉल्ट हो गईं। हालांकि, विद्युत विभाग की टीमों ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए, युद्धस्तर पर काम कर विद्युत आपूर्ति को अतिशीघ्र बहाल कर दिया। इस कार्य में कार्यालय टीम सहित कई टीमों ने मिलकर काम किया, जिसका श्रेय उनके अथक प्रयासों को जाता है। इस चुनौतीपूर्ण कार्य में प्रबंधक श्री अशोक कुमार शर्मा, सहायक प्रबंधक श्री पंकज सोनी, और सहायक प्रबंधक श्री सद्दाम हुसैन का विशेष योगदान रहा। उनके साथ लाइन स्टाफ के सभी सदस्यों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। एक महत्वपूर्ण घटना गांधी कॉलोनी में हुई, जहां लाइन पर एक बड़ा पेड़ गिर गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, सहायक प्रबंधक श्री पंकज सोनी ने स्वयं कुल्हाड़ी लेकर पेड़ की डाल काटी, जिससे मरम्मत कार्य में तेजी लाई जा सकी। विद्युत बहाली के इस अभियान में स्टाफ ने लगातार 16 घंटे तक काम किया, जबकि प्रबंधक और सहायक प्रबंधक 48 घंटे से भी अधिक समय तक लगातार कार्यस्थल पर डटे रहे। उनके इस समर्पण और अथक परिश्रम के कारण ही शहर में विद्युत आपूर्ति को इतनी जल्दी सामान्य किया



जा सका। यह विपरीत परिस्थितियों में टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# छत्तीसगढ़ में सीबीजी प्लांट स्थापना के लिए 100 करोड़ का निवेश, रायपुर में हुआ त्रिपक्षीय समझौता
## नगर पालिक निगम रायपुर, सीबीडीए और बीपीसीएल के मध्य हुआ एएमयू

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ को शुद्ध हरित राज्य की दिशा में ले जाने के उद्देश्य से आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। राज्य सरकार की सतत योजना के अंतर्गत कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए श्री सुमित सरकार, हेड बायोफ्यूल्स बीपीसीएल मुम्बई श्री अनिल कुमार पी., नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप की उपस्थिति में नगर पालिक निगम रायपुर, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत रायपुर के रावाभाठा क्षेत्र में प्रतिदिन 100 से 150 टन मिश्रित ठोस अपशिष्ट एमएसडब्ल्यू से कंप्रेस्ड बायोगैस सीबीजी उत्पादन हेतु संयंत्र की स्थापना की जाएगी।


## आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन, रेग्युलेशन एवं रिशड्यूलिंग करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

**मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | पूर्व सूचित तिथि | संशोधित तिथि | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | स्टेशनों पर ठहराव नही रहेगा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15109 | छपरा-मथुरा | 25.06, 27.06, एवं 30.06.25 | 25.06, 27.06, 30.06, 02.07 एवं 04.07.25 | छपरा-भटनी-गोरखपुर-गोण्डा-ऐशबाग-कानपुर | छपरा-भटनी-मऊ-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर | देवरिया सदर,गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मसकनवाँ, मनकापुर,गोण्डा, बाराबंकी, बादशाह नगर, ऐशबाग |
| 15065 | गोरखपुर पनवेल | 26.06, 27.06, 29.06, एवं 30.06.25 | 26.06, 27.06., 29.06, 30.06, 01.07, एवं 04.07 | गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा-बाराबंकी | गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या कैण्ट-बाराबंकी | आनन्द नगर, सिद्धार्थनगर, शोहरतगढ़, बढ़नी, गैंसड़ी, तुलसीपुर, झारखण्डी, बलरामपुर, गोण्डा |
| 19409 | साबरमती-गोरखपुर | 26.06.25 व 29.06.25 | 26.06.25 व 28.06.25 | बाराबंकी-गोण्डा-मनकापुर | बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट-मनकापुर | गोण्डा |

**शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन**

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | पूर्व सूचित तिथि | संशोधित तिथि | शॉर्ट टर्मिनेशन /ओरिजिनेशन | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 19409 | साबरमती-गोरखपुर | 26.06.25 | 26.06.25 एवं 03.07.25 | गोमती नगर स्टेशन तक जाएगी आगमन समय (11.20) (मार्ग परिवर्तन वाया-मानक नगर-ऐशबाग-गोमती नगर) | गोमती नगर-गोरखपुर के बीच निरस्त |
| 19410 | गोरखपुर-साबरमती | 27.06.25 | 27.06.25 एवं 05.07.25 | गोमती नगर स्टेशन से चलेगी प्रस्थान समय (10.15) | गोरखपुर-गोमतीनगर के बीच निरस्त |
| 22921 | बांद्रा (ट.)-गोरखपुर | 29.06.25 | कोई परिवर्तन नही | गोमती नगर स्टेशन तक जाएगी आगमन समय (09.45) (मार्ग परिवर्तन वाया-मानक नगर-ऐशबाग-गोमती नगर) | मानक नगर-बलरामपुर के बीच निरस्त |
| 22922 | गोरखपुर-बांद्रा (ट.) | 01.07.25 | कोई परिवर्तन नही | गोमती नगर स्टेशन से चलेगी प्रस्थान (10.25) (मार्ग परिवर्तन वाया-गोमती नगर-ऐशबाग-मानक नगर) | बलरामपुर-मानक नगर के बीच निरस्त |
| 22199 | ग्वालियर-बलरामपुर | 02.07.25 | कोई परिवर्तन नही | लखनऊ स्टेशन तक जाएगी आगमन समय (04.00) (मार्ग परिवर्तन वाया-आलमनगर-लखनऊ) | लखनऊ-बलरामपुर के बीच निरस्त |
| 22200 | बलरामपुर-ग्वालियर | 03.07.25 | कोई परिवर्तन नही | लखनऊ स्टेशन से चलेगी प्रस्थान समय (15.15) (मार्ग परिवर्तन वाया-लखनऊ-आलमनगर) | बलरामपुर-लखनऊ के बीच निरस्त |
| 07076 | गोरखपुर-हैदराबाद | 29.07.25 | 29.06.25 | गोमती नगर स्टेशन तक चलेगी | गोरखपुर-गोमती नगर के बीच निरस्त |
| 12512 | तिरूवनन्त-पुरम-गोरखपुर | 22,24,25, 29.06.25, 01.07 एवं 03.07.25 | 22,24,25, 29.06.25, 01.07 एवं 02.07.25 | बाराबंकी-गोण्डा-मनकापुर | बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट-मनकापुर |

**रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग**

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | स्टेशन से यात्रा प्रारंभ की तिथि | रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग |
|---|---|---|---|
| 05559 | रक्सौल-उधना | 28.06.2025 | 150 मिनट रक्सौल से रिशेड्यूल्ड |
| 15030 | पुणे-गोरखपुर | 26.06.25 के स्थान पर 28.06.25 | मार्ग में 45 मि.रेग्युलेशन किया जाएगा |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@ CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 1033/25 FA


# भागवत कथा में शामिल होने कैंथरी पहुंचें मंत्री पुत्र बंकू



**मुरैना,कांस।** श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही जीव का कल्याण संभव हो जाता है। भागवत कथा का सुदामा प्रसंग भक्तों के दोस्ती के भाव को दृढ़ बनाने और समाज में समानता के भाव को बढ़ाने का काम करता है। भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकजुटता और भाईचारा में वृद्धि होती है। समाज के सभी वर्गों में समानता के भाव को बढ़ाने में भागवत कथा जैसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यह बात मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के सुपुत्र कप्तान सिंह कंषाना बंकू ने कही। श्री कंषाना, शुक्रवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के कैंथरी गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में शामिल होने पहुंचें थे। कैंथरी गांव में भागवत कथा का आयोजन संत हरिगिरि महाराज के शिष्य संत जनवेद गिरि महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा का रसपान करने पहुंचें कप्तान सिंह कंषाना ने कथा श्रवण करने के बाद व्यासपीठ पर विराजमान कथाचार्य से आशीवार्द ग्रहण किया और मुरैना सहित प्रदेश एवं देश में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामनाएं कीं। इस मौके पर उनके साथ सुमावली क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और मंत्री श्री कंषाना के समर्थकगण मौजूद थे।

# नल-जल योजनाओं का शेष काम जल्द से जल्द पूर्ण करें
## समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** जिले में शेष नल-जल योजनाओं का काम जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के 70 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन नल-जल योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर नल-जल योजनाओं को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के डीपीआरओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री व उपयंत्री तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव मौजूद थे। खासतौर पर रेड व ओरेंज जोन में चिन्हित की गई जिले की ग्रामीण नल-जल योजनाओं की समीक्षा बैठक में की गई।


## उत्तर मध्य रेलवे

नोटीफिकेशन सं.-म.रे.प्र./वा./आगरा/हाल्ट/2025/01 दिनांक : 13.06.2025

**नोटिफिकेशन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ.म.रे.-आगरा द्वारा निम्नलिखित हाल्ट स्टेशनों पर 05 वर्ष की अवधि के लिये एक एक हाल्ट एजेंट की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र. | रेल खण्ड का नाम | हाल्ट स्टेशन का नाम | सर्विंग स्टेशन का नाम | नियुक्त किये जाने वाले एजेंटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मथुरा-अछनेरा | गढ़ी बेरी | परखम | एक |
| 2 | अछनेरा-भरतपुर | नोह बछामदी | इकरन | एक |
| 3 | बिचपुरी-बॉदीकुई | तलछेरा बरौलीरॉन | खेड़ली | एक |
| 4 | बिचपुरी-बॉदीकुई | भजेरा | करणपुरा | एक |
| 5 | आगरा छावनी-उदीमोड़ | धिमश्री | शमशाबाद टॉउन | एक |
| 6 | आगरा छावनी-उदीमोड़ | मानिकपुरा | फतेहाबाद | एक |

आवेदनकर्ता द्वारा निर्धारित आवेदन फार्म तथा उसके साथ नियम एवं शर्ते एवं अन्य निहित विवरण मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), उ.म. रेलवे, आगरा के कार्यालय से आवेदन फार्म की निर्धारित राशि Rs. 1,000/ + Rs. 180/- (18% GST) = कुल Rs. 1180/- (रूपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक, आगरा छावनी के कार्यालय में जमा करने के पश्चात, नोटीफिकेशन प्रकाशन होने की दिनांक से (अवकाश के दिन को छोड़कर) किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15.07.2025 समय 17:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन फार्म अहस्तान्तर्णीय है। इसकी कीमत वापस नहीं की जायेगी।

नोटीफिकेशन, आवेदन फार्म तथा नियम एवं शर्ते उत्तर मध्य रेलवे की बैबसाईट **www.ncr.indianrailwaysgov.in** या भारत सरकार के पोर्टल **www.tenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है। यदि आवेदन प्रपत्र बैबसाईट से डाउन लोड किये जाते हैं तो आवेदनकर्ता द्वारा निविदा फार्म की निर्धारित राशि Rs. 1,000/ + Rs. 180/- (18% GST) = कुल Rs. 1180/- (रूपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) किसी भी राष्ट्रीयकृत/शैडयूल बैंक के द्वारा जारी डी.डी. के रूप में, वरि0 मण्डल वित्त प्रबंधक उ.म.रे. आगरा (Sr. Divisional Finance Manager N.C. Railway-Agra) के पक्ष में देय हो, आवेदन फार्म के साथ मूल रूप में संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

आवेदन फोर्म सील्ड बॉक्स के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), उ.म.रेलवे, आगरा के कार्यालय में **दिनांक : 16.07.2025 को 15:00 बजे** तक स्वीकार किये जायेगें जो उसी दिन **15:30** बजे खोले जायेगें। यदि किसी कारणवश इस दिन अवकाश होता है तो आवेदन फार्म अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर स्वीकार व खोले जायेंगे। आवेदन फार्म खोलने के समय आवेदनकर्ता या उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है। उपरोक्त निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विस्तृत विवरण आवेदन प्रपत्रों में उपलब्ध है। प्रत्येक स्टेशन के लिये अलग-अलग आवेदन फार्म उपयोग किये जायेंगे। आमंत्रित आवेदनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा। ऑफर की वैधता आवेदन खोलने की दिनांक से 90 दिन तक मानी जायेगी। 1031/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# स्वच्छता मिशन को प्रभावी, पारदर्शी एवं जनभागीदारीयुक्त बनाने पर हुआ गहन विचार-विमर्श



**अलीगढ़,ब्यूरो।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को और अधिक प्रभावशाली, पारदर्शी एवं जनसहभागिता आधारित बनाने के लिए बहुपक्षीय बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता तभी संभव है जब तकनीकी दक्षता के साथ-साथ जनसामान्य की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। बैठक में एनएनए स्पर्श प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष चर्चा हुई। डीपीआरओ मोहम्मद राशिद ने बताया कि अब पीएफएमएस के स्थान पर एनएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से धनराशि का निर्गमन किया जाएगा, जिससे वित्तीय प्रक्रियाएं और अधिक सरल, त्वरित व पारदर्शी होंगी। ग्राम पंचायतों के एसएनए स्पर्श खातों में अनंतिम क्रेडिट लिमिट निर्धारित किए जाने पर भी चर्चा की गई, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 11,768 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने लक्ष्य के सापेक्ष विकास खण्डवार प्रति माह 800 से 1100 शौचालय निर्माण का लक्ष्य आवंटित किया है। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की प्रभावी निगरानी के लिए सभी एडीओ को ष्स्वच्छता ऐपष् के माध्यम से दैनिक प्रगति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में अतरौली, गोंडा, इगलास एवं जवां को छोड़कर अन्य 8 विकास खण्डों की प्रगति संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने पंचायत सहायकों की कार्यक्षमता का बेहतर उपयोग करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय समन्वय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता शुल्क की धनराशि ओएसआर खाते में जमा किए बिना व्यय किया जाना वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आएगा। डीपीआरओ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में सर्वाधिक स्वच्छता शुल्क जमा करने वाली पंचायत को 1.5 करोड़ लागत का बारातघर प्रदान किए जाने का प्रावधान है, इसके साथ ही डीपीआरओ द्वारा दो ग्राम पंचायत में 16 लाख के अनुदान पर प्लास्टिक रिसाइकिल यूनिट की स्थापना की भी जानकारी दी गई, जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा संख्याः AGC-EL-C-T-14-2024-25 दिनांक 12.06.2025

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य बिजली अभियंता/नि0-/उ0म0रे0/आगरा** द्वारा निर्धारित फार्म पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ऑन लाइन ई-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं.1.कार्य का नाम लोकेशन सहितः** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा डिवीजन के धौलपुर-सरमथुरा परियोजना के गेज परिवर्तन कार्य के संबंध में धौलपुर-सिरमथुरा खंड में 2x25 केवी, 50 हट्र्ज, एसपी/एसएसपी/टीएसएस और एसएसपी/एसपी/टीएसएस भवनों के विद्युतीकरण का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।

**2. कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 26,55,51,734.70/-, **3. कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी होने से 18 माह तक मानसून अवधि सहित, **4. निविदा धरोहर राशिः** ₹ 14,77,800/-, **5. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 04.07.2025 के 15.00 बजे तक, **6. वैधता अवधिः** निविदा खोलने की तिथि से 90 दिन।

निविदाएं केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 04.07.2025 के 15.00 बजे तक जमा की सकती है। पूरी जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 1025/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.-JHS/Commercial/E-Auction/2025 दिनांक-12.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी :** पार्किंग | **केटलोग संख्या :** झांसी - पार्किंग -38

**एसेट्स डिटेल्स**

झाँसी मण्डल के अलग -अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतु :- 1. NSG-4 :- LALITPUR (LAR), 2.NSG-6 :- Orchha (ORC)

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांकः-27.06.2025 को समयः - 11:00 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : दिनांकः-27.06.2025 को समयः - 11:40 तक

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अतंर्गत उपलब्ध है। 1028/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954